डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 22 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार,01 जुलाई से 07 जुलाई, 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## मुस्लिम गरीब बस्तियों में युवा बन रहे हैं नशे के आदि

**-गांजा, चरस, स्मैक एवं नशे के रसायनों का सेवन कर रहे हैं नशेड़ी**

**-पुलिस महकमा और सरकार नशे की तस्करी को रोकने के पूरे प्रयास कर रही है फिर भी नशा सभी जगह उपलब्ध है।**

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एक सर्वे में बताया गया है कि देश के मुसलमान की प्रति व्यक्ति आमदनी में बढ़ोतरी हुई। आमदनी बढ़ने के तथ्य कितने सत्य हैं ये तो नहीं कहा जा सकता है।

लेकिन प्रदेश एवं देश की गरीब मुस्लिम बस्तियों में नशा करते युवाओं और बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। मुस्लिम वर्ग में अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ रही है। मुस्लिम समाज शिक्षा में पिछड़ा होने के कारण सामाजिक सुधार की गति काफी धीमी है। मुस्लिम विधायक, चेयरमैन,व्यवसाय, शिक्षाविद एवं समाजसेवी केवल नाम एवं समाज में स्टेटस बनाए रखने के लिए समाज सेवा का दिखावा कर रहे हैं। यही कारण है कि मुस्लिम क्षेत्रों में उच्च स्तर का एक भी प्राथमिक, मिडिल, सेकेंडरी एवं कॉलेज नहीं है जहां बच्चों का कैरियर बन सकें। वर्तमान में मुस्लिम समाज के लोग शिक्षा से ज्यादा शादी, जन्मदिन, खाने की दावतों सहित गैर जरूरी कामों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। इसलिए मुस्लिम समाज पिछड़ता जा रहा है। राजनीतिक



जागरूकता के अभाव में मुस्लिम समुदाय पॉलिटिकल पार्टियों का वोट बैंक बन गया है। सरकार किसी भी पार्टी की बने मुस्लिम वर्ग के विकास को प्राथमिकता नहीं देती है।

**नशे के कारण परिवार हो रहे हैं बर्बाद:-** राज्य सरकार और सरकार का पुलिस महकमा नशे को रोकने के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप चल रहा है। जिसके तहत सैकड़ों नशे के तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। लेकिन जयपुर सहित प्रदेश के हर गांव से लेकर शहर तक नशा बिक रहा है। नशे के कारण परिवार बर्बाद हो रहे हैं। एक बार परिवार में कोई सदस्य नशे का आदि हो जाता है तो धीरे-धीरे या तो पूरा परिवार चपेट में आ जाता है या फिर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर एवं दयनीय हो जाती है। ऐसा परिवार जिसका कोई सदस्य नशा करता है उसका काम धंधा चौपट हो जाता है और बीमारियों के इलाज में खर्च शुरू हो जाता है। नशेड़ी युवा वक्त से पहले ही मर जाते हैं। बाद में घर की महिलाएं बच्चों का पालन पोषण करने के लिए गलत रास्ते पर चली जाती हैं।

**नशे को रोकने की कोशिश:-** नशे को रोकने के लिए जयपुर जैसे शहर में संस्थाएं बनी हुई हैं। लेकिन यह संस्थाएं एवं इन संस्थाओं से जुड़े लोग दिखावे की समाज सेवा के लिए काम करते दिखाई दे रहे हैं। जो लोग नशे को रोकने के लिए ईमानदारी से काम करना चाहते हैं, उन्हें नशा तस्करी करने वाले और पुलिस के लोग धमकाते रहते हैं। ऐसे में नशा रोकना मुश्किल हो रहा है। समाज में नशा तब ही रुक सकता है जब थाने को जिम्मेदार बनाया जाए। थाना क्षेत्र में बिना पुलिस की जानकारी के नशा तो बहुत दूर की बात है एक माचिस की तीली भी नहीं बिक सकती है। लेकिन जयपुर के सभी थाना क्षेत्र में नशा बिक रहा है और नशेड़ी खरीद रहे हैं। समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी नशे के खिलाफ अभियान चलाने की जरूरत है जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हो।


**विधायकों एवं पार्टियों के कार्यकर्ताओं का क्या योगदान:-** जयपुर शहर में आठ विधायक हैं। जिनमें से पांच भाजपा और तीन कांग्रेस के विधायक हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र की गरीब बस्तियों में नशा धड़ल्ले से बिक रहा है। माना जाता है कि यदि विधायक और पार्टी के कार्यकर्ता यह ठान ले तो उस विधानसभा क्षेत्र में नशा नहीं बिक सकता है। विधायक क्षेत्र की ताकतवर हस्ती होता है। जनता में उसकी पकड़ होती है। यदि विधायक अवैध नशा रोकने की पहल करता है तो वहां नशा नहीं बिक सकता है। आश्चर्य देखिए जयपुर शहर में दो मुस्लिम विधायक हैं और एक कट्टर हिंदू विधायक है। इनको तो अवैध नशा का विरोध करना चाहिए। लेकिन विधायक रफीक खान के क्षेत्र आदर्श नगर, अमीन कागजी के क्षेत्र किशनपोल और कट्टर हिंदू एवं संत विधायक बाबा बालमुकुंद के क्षेत्र में धड़ल्ले से सबसे ज्यादा अवैध नशा बिक रहा है। इसीलिए कहा जा सकता है कि धर्म की आड़ में राजनीति और पैसे का समाज में बोलबाला है।

**अवैध नशे को लेकर अमीर व्यवसाय, सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी क्यों चुप हैं-**

ज्यादातर अमीर और बड़े व्यवसायी ही समाजसेवी और राजनीतिज्ञ बन गए हैं। इनको समाज में अवैध नशे के चलन की पूरी जानकारी है। लेकिन इनकी सोच रहती है कि अभी हमारे परिवार का कोई सदस्य नशा करता नहीं है और दूसरे परिवार बर्बाद हो रहे हैं तो हम क्या कर सकते हैं। इस तरह सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी यही सोचते हैं कि हम हमारे परिवार के सदस्य तो नशे में शामिल नहीं दूसरों से हमें क्या लेना देना। इसी सोच के चलते समाज में अवैध नशा बढ़ रहा है। यह दोनों वर्ग पुलिस सरकार एवं विधायकों से मिलकर अवैध नशा रुकवा सकते हैं। अमीर व्यवसायी, सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवैध नशा तब ही बुरा लगने लगता है जब उनका बेटा, भाई, पोता या अन्य रिश्तेदार अवैध नशे की चपेट में आ जाता है। समाज में इस प्रवृति के कारण नशे पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

## ओम बिड़ला के दुबारा लोकसभा अध्यक्ष बनने पर कोटा में खुशी की लहर

कोटा (रॉयल पत्रिका)। कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार सांसद बनने और लगातार दूसरी बार ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास का माहौल है , जैसे



ही लोकसभा अध्यक्ष की घोषणा हुई भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के युवा नेता मोदी सपोर्टर ग्रुप के अध्यक्ष जैफ खां मंसूरी ने बताया कि ओम बिरला के पुनः लोकसभा अध्यक्ष नियुक्त होना सभी कोटा वासियों के लिए गर्व की बात है। भाजपा युवा नेता वार्ड अध्यक्ष भाजपा नयापुरा मंडल शोएब खान ने भी ओम बिरला के दुबारा लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा की कोटा की धरा के लिए बहुत गौरवान्वित करने वाला पल है।

## राहुल गांधी बने देश के सबसे ताकतवर नेता

**संसद में नेता प्रतिपक्ष बनते ही राहुल गांधी की शक्तियां बड़ी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नेहरू गांधी परिवार के सदस्य राहुल गांधी संसद में नेता प्रतिपक्ष बन गएहैं। संसद में नेता प्रतिपक्ष का पद 10 वर्षों से खाली था। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद देश की किसी पार्टी को कल संसदीय सीटों का 10% जीतकर संसद में आना जरूरी है। कांग्रेस इस बार करीब 100 सीट जीतकर आई है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद में नेता प्रतिपक्षबने है। यह वही राहुल गांधी है जिनका पिछले संसदीय कार्यकाल में बोलने से रोक दिया गया था उनका माइक बंद कर दिया गया था। और प्रधानमंत्री मोदी ने चलती संसद में उनका मजाक बनाया था। अब राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष है तो मोदी सरकार के विभिन्न निर्णयों में उनकी भूमिका रहेगी। सीबीआई ईडी एवं चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में राहुल गांधी का हस्तक्षेप रहेगा। प्रतिपक्ष का नेता लोकायुक्त कमेटी का अध्यक्ष होता है जो प्रधानमंत्री को नोटिस देकर कमेटी के समक्ष बुला सकता है। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष को सरकार के विभिन्न कार्यों में



हस्तक्षेप करने का अधिकार होता है। नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री की तरह वेतन भत्ते एवं स्टाफ की सुविधा सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई जाती है। राहुल गांधी कांग्रेस के ही नेता नहीं है बल्कि वर्तमान में उनका देश का सबसे ताकतवर नेता माना जाता है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में राहुल गांधी को कमजोर करने के लिए काफी प्रयास किए थे। मैं उन्हे डराने कोशिश की गई थी। लेकिन राहुल गांधी इतने मेहनती और निडर नेता है कि उन्होंने लुफ्तप्राय कांग्रेस पार्टी को ही मजबूत नहीं किया बल्कि यह भी दिखाया कि राहुल गांधी को कोई झुटे आरोपो और सरकार को अनुचित दबाव में नहीं लाया जा सकता है। यदि कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी से मेहनत और धैर्य रखना सीखें तो कांग्रेस को देश की सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी की असली क्षमता तो देश की संसद और सड़कों पर दिखाई देने वाली है। अब यह माना जा रहा है कि 10 वर्ष से चल रही मोदी सरकार की मनमानी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के होते हुए नहीं चल सकती है।

## युवाओं के हितों पर कुठाराघात नहीं होगा बर्दाश्त -भजनलाल

**- रिक्त पदों का कलेण्डर बनाकर समय से आयोजित होंगी भर्ती**

**- युवाओं ने समय पर नियुक्ति मिलने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार, कहा- सरकारी नौकरी का सपना बना हकीकत**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित एवं उत्कृष्ट राजस्थान बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। राजकीय सेवाओं में युवाओं को प्रदेश व समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतर रही है और उन्हें सरकारी नौकरियों के सुनहरे अवसर भी प्रदान कर रही है। शर्मा शनिवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' समारोह को सम्बोधित कर




रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उत्कृष्ट राज्यकार्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही, सभी जिला मुख्यालयों से जुड़े नवनियुक्त कार्मिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से 20 हजार से अधिक नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा को जब नौकरी मिलती है तो पूरे परिवार को आत्मबल की अनुभूति होती है।

शेष पृष्ठ 2 पर...

## कांवड़ यात्रा के लिए दस दिन रास्ते बंद, बीस मिनट की नमाज में परेशानी- चंद्रशेखर आजाद

नई दिल्ली। नगीना से सांसद चुने गए भीम आर्मी के प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कांवड़ के लिए रास्ता बंद करने और ईद के दौरान सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने का मामला उठाया है। एक बैठक के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो नजीबाबाद के चंदनपुर में आयोजित बैठक का बताया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद चंद्रशेखर पहुंचे थे। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर दस दिन तक रास्ते बंद हो सकते हैं। लेकिन दिक्कत 20 मिनट की नमाज से होती है। ऐसा भेदभाव क्यों हो रहा है। वीडियो वारल होने के बाद अयोध्या के हनुमान गढ़ी के संत राजू दास और नहटौर से भाजपा विधायक ओमकुमार ने पलटवार किया है। विधायक ने कहा कि यदि किसी को इतना ही शौक है तो वह अपने घरों पर नमाज पढ़वाए। प्रदेश में कानून का राज चलेगा। रविवार को अपने कैंप कार्यालय जनसमस्या सुनने के दौरान उन्होंने कहाकि सड़क नमाज पढ़ने के लिए नहीं चलने के लिए है।



वीडियो में चंद्रशेखर आजाद कह रहे हैं कि मैं हाथ में जल लेकर ये पूछता हूं कि सभी धर्मों की आस्था का सम्मान होना चाहिए। मैंने कई बार नेशनल मीडिया से पूछा है, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं है कि उनसे इस तरह के सवाल पूछे। मैंने उनसे पूछा कि अगर हिंदू धर्म की आस्था है कि दस दिन कांवड़ चलता है, फिर सारे होटल और अस्पताल बंद हो जाते हैं।

शेष पृष्ठ 2 पर...

## कांग्रेस और भाजपा के मुस्लिम नेता समाज के हक में बोलने से क्यों डरते हैं?

**- प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग का काम है प्रदेश के मुसलमानों को न्याय दिलाना लेकिन जोधपुर की घटना के बाद चेयरमैन रफीक खान का कोई बयान नही आया**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद साम्प्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। पाली, जोधपुर एवं जयपुर में ऐसी कोशिशें सामने आयी। जोधपुर में दो समुदायों की बीच ईदगाह का दूसरा गेट निकालने को लेकर आमने सामने की पत्थरबाजी हुई। घटना को लेकर पुलिस ने गिरफ्तारी की और मुकदमा दायर किये। सूचनाओं के अनुसार जोधपुर में ज्यादातर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की गिरफ्तारी की गई। जबकि घटना में दोनो समुदाय की बराबर की भागीदार थी। प्रदेश में किसी भी हालत में शान्ती का माहौल बना रहना चाहिए लेकिन भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए है। दोनों पार्टियों के किसी भी नेता का कोई बयान नही आया है। कांग्रेस पार्टी के विधायक और अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन रफीक खान की जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश में अल्पसंख्यकों के साथ कोई धरना, अत्याचार हो तो वहां जाकर हालात का जायजा लेना चाहिए लेकिन उन्होंने घटना के बारे में न तो बोला और न ही घटनास्थल पर जाना उचित समझा। इसी तरह वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डा. खानू खान बुधवाली, मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम.डी. चौकदार एवं हज कमेटी के चेयरमैन अमीन कागजी, भाजपा



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशध्यक्ष हमीद खान मेवाती सहित अन्य भाजपा के मुस्लिम पदाधिकारियों का एक भी बयान घटना से संबंधित नही आया। मुस्लिम समुदाय के लोगों में चर्चा है कि यह मुस्लिम लीडर समाज की पीड़ाओं और मांगो के बारें में क्यों नही बोलते या बोलने से डरते क्यों है? जबकि इनको जिताने में मुस्लिम समाज का 100 प्रतिशत योगदान रहता है। मुस्लिम लीडर राजनीति मुस्लिम समाज की ही करते है लेकिन जब समाज का कोई काम आता है तो अपनी अपनी पार्टियों के आलाकमान के इशारे पर चुप्पी साध लेते है। विपक्षी कांग्रेस पार्टी को प्रदेश के मुसलमानों ने थोक के भाव वोट दिए लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता का मुस्लिम अत्याचार पर एक भी बयान नही आया।

## भाजपा पूर्व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में समय व्यतीत कर रही है- डोटासरा

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि 3 जुलाई, 2024 से राजस्थान विधानसभा का पहला बजट सत्र प्रारम्भ हो रहा है, किन्तु भाजपा की राजस्थान सरकार के छः माह के कार्यकाल का आंकलन निराशा उत्पन्न करने वाला है। उन्होंने कहा कि अब तक के राजस्थान सरकार के कार्यकाल से परिलक्षित होता है कि राजस्थान सरकार के बजट में जनकल्याणकारी योजनाओं का अभाव रहने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि अब तक राजस्थान सरकार केवल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में ही समय व्यतीत



करती रही तथा योजनाओं का बंद करने, योजनाओं को सीमित करने, जाँच कराने, जिलों को खत्म करने के बयान ही भाजपा सरकार के मंत्रियों द्वारा दिये जाते रहे हैं, कोई भी ऐसा कार्य जो जनहित में हो, छः माह में भाजपा की सरकार ने नहीं किया।

शेष पृष्ठ 2 पर...

## हमें जबरन हिंदू बनाने के प्रयास बंद करें: रामकेश

जयपुर । शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासी नेताओं पर दिए बयान का राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ ने विरोध किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक रामकेश मीणा ने इस बारे में राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि हमे जबरन हिंदू बनाने का प्रयास बंद करे, अन्यथा पूरे देश में आरएसएस के खिलाफ दलित व आदिवासियों द्वारा अभियान चलाकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि इस प्रकरण में तत्काल कार्यवाही की जाए और भविष्य के लिए इस तरह की अनर्गल टिप्पणियां नहीं करने के लिए आरएसएस व भाजपा के लोगों को दिशा-निर्देश जारी किए जाए।



# नगर परिषद की बैठक में कई विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

टोंक (रॉयल पत्रिका) बरकात हसन। नगर परिषद टोंक के सभापति अली अहमद का कहना है कि वह टोंक की विकास के लिए हर संभव प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में पूरा प्रयास किया है कि जहां-जहां विकास की जरूरत महसूस हुई उसमें उन्होंने पूरा प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कोरोना बीमारी का चलते काम जरूर प्रभावित हुए लेकिन फिर भी उन्होंने अपने कार्यकाल में काम करने को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी वह अपनी तरफ से जनहित के कामों को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे। सभापति ने नगर परिषद के बैठक के दिन प्रेस वार्ता के माध्यम से अपने विचार रखें साथ पट्टो एवं विकास कार्यों, विपक्ष के आरोपों और नगर परिषद के कामों को लेकर किए गए सवालों पर भी अपने जवाब दिए उधर नगर परिषद की बैठक में 16 बिंदुओं पर भी विचार विमर्श हुआ साथ ही अनुमोदन भी किया गया पार्षदों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी और उन्हें हल करने पर जोर दिया। उधर विपक्षी पार्षदों ने यह कहकर मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया कि यह बैठक काफी समय बाद हो रही है। इसलिए इस बैठक में शामिल होना उनके लिए जरूरी नहीं रहा। उनका कहना था कि बैठक के मामले में विपक्षी पार्षदों से सहमति नहीं ली गई। उधर परिषद की आयुक्त ममता नगर का कहना है की बैठक वैधानिक तरीके से हुई है। याद रहे की नगर परिषद की बैठक काफी समय बीत जाने के बाद हुई है। बैठक में पार्षद रामदेव गुर्जर उपसभापति बजरंग वर्मा, शब्बीर अहमद, गायत्री चौरसिया, विकास लोदी, इरशाद बैग, कमर मियां आदि मौजूद थे। बैठक में तालकटोरा क्षेत्र में बनाए गए हॉस्टल के आसपास पानी की निकासी के लिए मजबूत व्यवस्था करने की मांग भी की गई। विपक्ष के नेता लक्ष्मी जैन ने कहा कि परिषद के कार्यकाल में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। इसलिए परिषद की यह बैठक नियम अनुसार समय समय पर होती रहना चाहिए थी। उन्होंने कहां की विकास कार्यों को लेकर अपने तरीके से काम करने का आरोप भी लगाया और कहा कि विपक्ष के पार्षदों को महत्व नहीं दिया गया। इसलिए उन्होंने बैठक में शामिल होना जरूर नहीं समझा और हम सभी पार्षद बैठक में नहीं गए





# एक निकाह ऐसा भी: ना बारात ना दहेज, ना लड़की वालो की तरफ से खाना

सवाई माधोपुर(रॉयल पत्रिका)। जहाँ शादियों में हजारों लाखों रुपये ख़र्च किये जाते हैं वहीं राजस्थान के सवाई माधोपुर के सूरवाल कस्बे में एक ऐसी शादी देखने को मिली जहाँ पर न कोई संगीत, न बारात, न लड़की वालों की तरफ से खाना और न दहेज लिया गया। दरअसल, सूरवाल निवासी ज़ाफिर अली ओगवान के बेटे मोहम्मद सैफ का निकाह मोहम्मद अंसार ओगवान कि बेटी अजरा तबस्सुम से 27 जून 2024 को जोहर की नमाज़ के बाद मस्ज़िद इशाअत-ए-इस्लाम, सूरवाल में हुआ।




लड़का और लड़की पक्ष वाले दोनों का ही मानना है की इस्लाम में निक़ाह को आसान बताया गया जिसे जनता ने ख़ुद दहेज और बारात व दूसरी रस्मों की वजह से कठिन बना लिया है। लड़का और लड़की पक्ष वाले दोनों की तरफ से इस बात पर सहमति बनी की हमें निक़ाह को आसान इस्लामिक तरीके पर करना है। जिससे समाज में बरसों से चली आ रही कुरीतियों को ख़त्म किया जा सके। आपको बता दें कि मोहम्मद अंसार साहब जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द के रुक्न हैं जो कि 2022 में अपने बेटे मोहम्मद वासिफ (SIO मेम्बर) का निक़ाह भी बगैर किसी बारात व दहेज़ के कर चुके हैं।

निक़ाह से पहले मौलाना सरफ़राज़ फलाही साहब ने निक़ाह के कार्यक्रम में मौजूद पुरुष व महिलाओं को निक़ाह का सुन्नति तरीक़ा बताया और समाज में फैली हुई करूतियों के ख़िलाफ़ खड़े होने का आह्वान किया। शहरे क़ाज़ी निसरुल्लाह साहब के बेटे क़ाज़ी मोहम्मद शादाब ने निक़ाह पढ़ाया, जिसके बाद दूल्हे पक्ष वालों की तरफ़ सभी लोगों को छुआरे तक़सीम किये गए। निक़ाह में दुल्हन को मैहर के तौर पर 26400 के गहने दिए गए।लड़की के भाई तौसीफ़ अहमद ने बताया कि निक़ाह के समय मोहम्मद दाऊद खां, आज़म अली, ज़ुबैर अहमद, अब्दुर्रज़्ज़ाक़ ओगवान, उस्मान शैख़, असलम मास्टर, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद अली शैख़, आरिफ अली, फरियाद ओगवान, मोहम्मद आसिफ़, फरीद डायमंड, मोहम्मद उज़ैर, अब्दुल बारी, जमील अहमद, नफ़ीस डायमंड, रियाज़ अहमद, अल्लानूर खां और मोअजिज़्ज़ मर्दो-ख़्वातीन मौजूद थे।

# सीएचसी मंडाभिंडा और ईटावा भोपजी में चिकित्सा सुविधाओं के लिए 16.64 करोड़ की मिली स्वीकृति

## -पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का जताया आभार

चौमूँ । 5 राजस्थान सरकार द्वारा चौमूं विधानसभा क्षेत्र में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडाभिंडा और इटावा भोपजी के लिए कुल 16.64 करोड़ रुपयो की राशि स्वीकृत करने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का आभार जताया है। क्षेत्र में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडा भिड़ा के लिए 832 लाख और नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटावा भोपजी के लिये 832 लाख स्वीकृत किए गए है। बेहतर चिकित्सा एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के उक्त राशि का वर्ष 2024-25 में 332.80 लाख और 2025-26 में 499.20 लाख की राशि उपयोग की जाएगी। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडाभिंडा और इटावा भोपजी के लिए कुल 16.64 करोड़ रुपयो की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि गत कांग्रेस राज में सिर्फ़ चिकित्सालयों



के नाम के बोर्ड बदलने का कार्य किया गया, नवीन चिकित्सालयों में बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया था परंतु जन-जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश की भाजपा सरकार सदैव प्रतिबद्ध है और सरकार द्वारा मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए राशि का आवंटन किया है। निश्चित ही आने वाले समय में क्षेत्रवासियो को इसका लाभ मिलेगा।

# शिक्षक मोहम्मद नासिर बैग को सम्मानित किया

## -कबाड़ से जुगाड़ नवाचार के लिए बैग को किया सम्मानित

शादाब अली

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। उत्तराखंड राज्य की राजधानी देहरादून में एक राष्ट्रीय संगोठी और सम्मान समारोह का आयोजन 7 जून को शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससीईआरटी उतराखंड के सयुक्त निदेशक कंचन देवराडी, एससीईआरटी के सहायक निदेशक के. एल. बिजलव्यान और विशिष्ट अतिथि शैलेश प्रजापति गुजरात रहे। देहरादून में 13 राज्यों के 152 शिक्षकों को श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए राजस्थान से 9 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सवाईमाधोपुर जिले से श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए मोहम्मद नासिर बेग का चयन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मखोली सवाईमाधोपुर में शिक्षक है



मोहम्मद नासिर बेग। आसमां में छेद नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों। शायर की यह पंक्तियां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मखोली जिला सवाइमाधोपुर में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहम्मद नासिर के लिए है। जिन्होंने अपने स्वयं के खर्चे से तैयार फ्लेक्स के माध्यम से निपुण भारत मिशन में अपना सार्थक प्रयास किया है। इनके नवाचार अधिकतर कबाड़ से जुगाड़ के बने हुए है। मोहम्मद नासिर ने इससे पूर्व भी बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री के रूप में हिंदी अंग्रेजी लेखन के फोल्डर व विद्यालय में मिनी स्टेशनरी बैंक की स्थापना अपने स्वयं के व्यय पर ही की थी। अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई के द्वारा कक्षा 1 व 2 के लिए विद्यालय में खिलौना बैंक की स्थापना करवाई गई है। बच्चों को खेल- खेल में स्वरचित गीत कविताओं और गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी रोचक शिक्षण कार्य करवा रहे हैं। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना ही अपने जीवन का मूल ध्येय बना रखा हैं। इनके नवाचारों का दायरा विद्यालय तक ही सीमित न रहकर विभाग द्वारा शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षणों में प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं निरंतर रूप से प्रदान कर रहे हैं। अपने नवाचारों के कारण ही दो वर्ष से लगातार शिक्षकों की रंगोत्सव प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। ऐसे ही शिक्षक समाज के लिए अपनी कार्य शैली में परिवर्तन कर बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।इसी कारण से इन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न संस्थाओ ने पूर्व में भी सम्मानित किया है|

# प्लास्टिक मुक्त राज्य के लिए संकल्पित राज्य सरकार

## - हर घर को प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की सोच को शीघ्र ही साकार करने के क्रम में राज्य प्रदूषण नियंत्रण द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयासों की दिशा में अब मंडल के साथ निजी संस्थानों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी आगे आकर हर घर को प्लास्टिक केरी बैग्स से मुक्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कपड़े के थैलों का वितरण किया गया साथ ही किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर से ही लगातार कपड़े के थैले व्यापक स्तर पर वितरित करने का कार्य किया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में एवं व्यापारिक दुकानों एवं संस्थाओं में प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैले दिखाई दें ।

-समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक, निजी एवं स्वयंसेवी



प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं उपयोग करने के लिए जागरूक भी किया गया । राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम चलायी जा रही है। जिसके तहत मंडल के अधिकारियों द्वारा न केवल प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग नहीं करने को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूक किया जा रहा है बल्कि रिहायशी कॉलोनियों में घर-घर जाकर कपड़े के थैले वितरित किये जा कर प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील भी की जा रही है ताकि प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से राज्य को शीघ्र ही मुक्त

संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण— सदस्य सचिव ने बताया कि मंडल द्वारा राज्य को प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम में जिस प्रकार सार्वजनिक, निजी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने आगे आकर मंडल के इस उद्देश्य में भागीदारी निभाई है इससे यह प्रतीत होता है कि मंडल द्वारा जागरूकता के लिए किये जा रहे प्रयास शीघ्र ही आमजन और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सोच एवं दैनिक कार्यों में दिखाई देंगे और हम राज्य को प्रदूषण मुक्त राज्य के रूप के आदर्श राज्य बना पाएंगे। इस दौरान मंडल के पर्यावरण अभियंता जागेश्वर शर्मा, आरएसएस के पर्यावरण प्रमुख अशोक शर्मा, पर्यावरण विद मनमोहन कौशिक, टेक्सटाइल उद्योगपति जसमीत सोडी मौजूद रहे।

पृष्ठ 1 का शेष...

# युवाओं के हितों पर कुठाराघात...

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित कर रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए संभाग स्तर पर खेल सुविधाएं विकसित हो रही हैं ताकि मिशन ओलंपिक के लिए युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध हो सकें।

इस वर्ष होंगी सरकारी नौकरियों में 70 हजार पदों पर भर्तियां—
शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विभागों में रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों की कलेण्डर बनाकर भर्तियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष विभिन्न राजकीय सेवाओं के 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अब तक 16 हजार 641 पदों पर नियुक्ति, 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी, 11 हजार 500 पदों के लिए परीक्षा आयोजित एवं 5 हजार 500 पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

राज्य सरकार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दिशा में प्रदेश में जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क, भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तथा हैंडीक्राफ्ट पार्क स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन, निर्माण, सेवा, एमएसएमई, कृषि, गैर-परंपरागत ऊर्जा में निवेश एवं ढांचागत सुधारों के जरिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, स्किल डवलपमेंट के माध्यम से युवाओं में कौशल संवर्द्धन किया जाएगा।

पेपर लीक दोषियों के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई—
शर्मा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने वाले सावधान रहें, क्योंकि प्रदेश में सरकार बदल गई है और युवाओं के हितों पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सरकार का गठन होते ही पेपरलीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी आईटी आधारित—
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आईटी आधारित नवाचार को अपनाया जाएगा। रोग एवं उपचार की समस्त जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेगी, जिससे रोगी और चिकित्सक को पेशेंट हिस्ट्री सुलभता से उपलब्ध होगी।

पृष्ठ 1 का शेष...

# कांवड़ यात्रा के लिए दस दिन...

इससे लोगों को कितनी परेशानी होती है। लेकिन उनकी आस्था को देखते हुए लोग ये सब सहते हैं। अगर ईद वाले दिन बीस मिनट के लिए नमाज हो रही है तो पहले होने नहीं देंगे। आप पहले ये बताओ ये तो सामूहिक होती है। ईदगाह पर होती है। वहां सब लोग इकट्ठा होते है तो ये लोग बोलते है कि करने नहीं देंगे। पूछा, क्या देश एक ही धर्म का है।

चंद्रशेखर ने कहा कि सभी धर्मों की आस्था का सम्मान होना चाहिए। ये सब जानते हैं। हिंदू धर्म के किसी भी व्यक्ति को बोलने की हिम्मत नहीं है। अगर बीस मिनट नमाज के लिए व्यवस्था हो जाए तो किसी को भी बुरा नहीं लगेगा। अगर कोई हिंदू धर्म का शख्स ऐसा कहता है तो वह हिंदू धर्म के साथ नहीं है। किसी का मजहब किसी दूसरे धर्म के लोगों को पीड़ा देकर परेशान करके खुश हो तो मैं इसको धर्म नहीं मानता।

पृष्ठ 1 का शेष...

# भाजपा पूर्व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं...

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार के कार्य आपसी झगड़ों, इस्तीफों की घोषणा, दिल्ली सरकार की परिक्रमा करने तक सीमित रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि भाजपा की सरकार कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किये गये कार्यों को स्वयं का बताकर पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है और बड़े-बड़े विज्ञापन देकर राजस्थान सरकार के राजस्व को हानि पहुंचा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि गत् दो दिवस पहले झुन्झुनूं में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जो पेंशन की राशि जारी की गई है उसके लिये राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कानून बनाकर न्यूनतम पेंशन एक हजार रूपये देने और प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी इसमें होने का प्रावधान किया था। कानूनी रूप से सरकार को प्रतिवर्ष पेंशन राशि बढ़ाकर देना आवश्यक है, इसका श्रेय कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को है लेकिन मुख्यमंत्री महोदय पेंशन बढ़ाकर देने का श्रेय लेने का असफल प्रयास कर रहे हैं और जनता को भ्रमित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने अब तक युवाओं के लिये एक भी भर्ती की विज्ञप्ति नहीं निकाली है, किन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा निकाली गई भर्तियां जिनकी परीक्षा और प्रक्रिया भी कांग्रेस सरकार ने ही सम्पन्न करवा दी थी, उन्हें नियुक्ति पत्र देकर वाहवाही लेना चाहते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि राजस्थान सरकार की सोच के केन्द्र में युवाओं के लिये रोजगार उपलब्ध कराना है ही नहीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का कानूनी प्रावधान है किन्तु राजस्थान की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना प्रारम्भ नहीं किया, जबकि इस मद में 50 करोड़ रूपये उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय को अविलम्ब इस राशि का उपयोग युवा बेरोजगारों को भत्ता देने हेतु करना चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव में किसानों को 12 हजार रूपये किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था, इसके तहत् 6 हजार रूपये की राशि केन्द्र और 6 हजार रूपये की राशि राज्य सरकार को प्रदान करनी थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने केवल दो हजार रूपये सम्मान निधि बढ़ाकर देने की घोषणा की है, किन्तु यह राशि किसानों को कब मिलेगी, इसकी जानकारी राजस्थान सरकार नहीं दे रही है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गेरे मुवक्किल मोहम्मद फरमान पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी ए-4. मौहल्ला शेखान, चौकडी गंगापोल, जयपुर का पुत्र जीशान आयु 24 वर्ष उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहा है और वह गलत लोगों की संगत में है तथा उसने अपनी मर्जी से ही अलका पुत्री मोहम्मद लियाकत कुरैशी से प्रेम विवाह कर लिया है। मेरे मुवक्किल का पुत्र आए दिन मेरे मुविकृत व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बदसलूकी व झगडा करता है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने उक्त पुत्र जीशान को अपनी समस्त अल-अमल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। जो कोई व्यक्ति जीशान से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।

भवदीय
जफर अहमद


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# जयपुर के रामगंज इलाके में अतिक्रमण के चलते फैल रही है बेरोजगारी

***-क्षेत्र में सड़कों और रास्तों में अतिक्रमण के चलते आने से कतराते हैं बाहरी व्यवसायी, ग्राहक एवं टयूरिस्ट***

***-जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है इस समस्या की ओर***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। रामगंज इलाके में वैसे तो बाजारों की सड़कें चौड़ी और हेरीटेज बाजार है। लेकिन इन चौड़ी सड़कों पर ठेले वाले, फुटपाथ पर दुकानदारी करने वालों के कारण बाजार की सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। मुख्य बाजारों से अंदर आम रास्ते हैं उनमें भी अतिक्रमण करके मकान बना लिए हैं। यहां रहने वाले लोगों को जाने क्या हो गया है कि वह जब मकान बनाते हैं तो मकान रास्तों या सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बनाते हैं और स्वयं अपना ही रास्ता रोकने पर अमादा हो रहे हैं। बाजारों में अच्छी दुकान हैं लेकिन यहां व्यापारी ग्राहक के अभाव में बड़ा कारोबार नहीं कर पाते हैं।



**रामगंज क्षेत्र में ऐतिहासिक हवेलियां, व्यावसायिक केंद्र और एक से एक हुनरमंद व्यक्ति मौजूद है-** रामगंज इलाका एक तरह से हेरिटेज क्षेत्र है जहां ऐतिहासिक हवेलियां, जयपुर परकोटा की दीवार, घाट गेट, सूरजपोल, चार दरवाजा गेट, प्रसिद्ध मंदिर एवं दरगाह स्थित है। इसी क्षेत्र में जवाहरात का काम करने वाले बड़े-बड़े व्यापारी जिनका विदेशों तक कारोबार फैला हुआ है, इसी क्षेत्र में जवाहरात पत्थरों को मनमाफ़िक डिजाइन में डालने वाले एक से एक नगीना के कारीगर हैं, जिनकी मांग पूरे जयपुर में रहती है। इस क्षेत्र में हाथी पालने वाले, घोड़े पालने वाले और लोहे की वस्तुएं बनाने वाले एक से एक कारीगर रहते हैं। इसी क्षेत्र में लाखों की चूड़ियों, पतंग एवं चांदी का वर्क बनाने वाले बेहतरीन हुनरमंद रहते हैं। इसी क्षेत्र में लजीज खाना बनाने वाले पकवान तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित गायक, पेंटर एवं कैलीग्राफी के हुनरमंद रहते हैं। यदि इस क्षेत्र में बाजारों और रास्तों में अतिक्रमण नहीं हो तो यहां पर ग्राहकों व्यापारियों एवं टूरिस्ट की बड़ी संख्या आने को तैयार है लेकिन इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही और कम समझ और प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते यहां के बड़े काम धंधे बढ़ने की बजाय घटते चले जा रहे हैं। बाजारों में सिर्फ फुटपाथ थड़ी ठेले वाले और ट्रैफिक जाम ही दिखाई देता है। बाजारों में 2 से 3 मिनट के रास्ते में 10 से 15 मिनट लग जाते हैं। ऐसे में बाहर के ग्राहक व्यापारी एवं टूरिस्ट कैसे आ सकते हैं। साथ ही हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है।

**अतिक्रमण हटे तो बढ़ सकता है व्यापार:-** यदि रामगंज के क्षेत्र में बाजारों से अंदर के रास्तों से अतिक्रमण स्थाई रूप से नगर निगम द्वारा हटा दिया जाए तो यहां आने-जाने वालों के लिए आसानी हो सकती है और यहां काम-धंधे और व्यापार बढ़ सकता है। लेकिन नगर निगम वर्षों में एक दो बार सक्रिय रहता है और कुछ दिन बाद फिर से बाजारों की सड़कों पर थड़ी-ठेले वाले दिखाई देने लगते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों को कोई चिंता नहीं दिखाई दे रही है। यही कारण है कि कुछ मजदूर थड़ी-ठेले वालों को रोजगार देने के नाम पर यहां बड़े व्यापारों एवं कामों को चौपट किया जा रहा है। यदि इस क्षेत्र में बड़े काम-धंधों का विकास होता तो रोजगार के अवसर अपने आप ही बढ़ जाएंगे। सभी को समझना चाहिए कि बाजारों में हाट बाजारों, थड़ी-ठेले वालों से आर्थिक खुशहाली नहीं आने वाली है। क्षेत्र में बड़े कारोबार, ऑफिस, शोरूम एवं अन्य संस्थान शुरू होंगे तो मजदूर को भी काम मिल जाएगा। इसलिए क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवियों व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों को मिल बैठकर बात करनी होगी। रामगंज का अतिक्रमण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ाने में तो सहायक है ही साथ में क्षेत्र का वातावरण दूषित करने में भी सहायक है।

## एहसास सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से सामूहिक निकाह का आयोजन हुआ

***-मुस्लिम मुसाफिर खाने में किया गया सामूहिक निकाह का आयोजन***

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । एहसास सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन जयपुर की जानिब से 30 जून 2024 बरोज इतवार को मुस्लिम मुसाफिरखाना मोती डूंगरी रोड की और दूल्हा और दुल्हनों को दुआओं से नवाजा गया। इस तरह की शादियों का मकसद समाज में शादियों में होने वाली फिजूल खर्चियों और बुराइयों को रोकना




पर आम मुसलमानों को 43 जोड़ों का निकाह हुआ। मुफ्ती मोहम्मद सैयद मुफ्ती अमजद और उनकी टीम ने निकाह की कार्यवाही को अंजाम दिया। ऑर्गनाइजेशन की तरफ से बच्चियों को तोहफे की शक्ल में जरूरत का सामान दिया गया और आए हुए मेहमानों का खाने का इंतजाम किया गया। इस मुबारक मौके पर शहर के जिम्मेदार लोगों ने शिरकत और उस पैसे से तालीम को बढ़ावा देना ही असल मकसद है। एहसास सोशल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन इस प्रोग्राम में शिरकत के लिए तमाम लोगों का शुक्रिया अदा करती है और दुआ करती है अल्लाह ताला इन बच्चों का मुकद्दर अच्छा करें और इनसे होने वाली नस्ल दिनदार और मुल्क का नाम रोशन करने वाली हो।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में मोदी की मन की बात सुनी गई

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर शहर द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम हवामहल विधानसभा के पौंड्रिक मण्डल वार्ड नंबर 26 बूथ संख्या 121 पर देखा व सुना गया जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का उदबोधन व मार्गदर्शन पूरे देश को देखने,सुनने को मिला। इस एम. परवेज़ खान, माजिद खान, मण्डल अध्यक्ष असलम खान ने आए हुए सभी सम्माननीय प्रदेश व जिला एवं मण्डल व बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का पार्टी दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम के पश्चात पौंड्रिक मण्डल मोर्चा की मीटिंग मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष



अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती व मोर्चा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, प्रदेश आईटी सेल इरशाद खान, प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान व जिला अध्यक्ष अब्दुल अजीज भाई हाथी वाले की मुख्य अतिथि के तौर पर गौरवमय उपस्थिति रही। जिला महामंत्री हमीद खान मेवाती ने ली। संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की व अपना मार्गदर्शन दिया। मीटिंग जिला अध्यक्ष अब्दुल अजीज भाई हाथी वाले जिला महामंत्री एम.परवेज़ खान, माजिद खान पौंड्रिक मण्डल अध्यक्ष असलम खान की उपस्थिति में हुई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह बैठकर सुनी एक साथ मन की बात

सांगानेर। (रॉयल पत्रिका) तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका सबसे लोकप्रिय व जन-जन तक पहुंचने वाला कार्यक्रम मन की बात की पुनः शुरुआत की गई। जिसे पूरे भारतवर्ष में देखा गया। इसी कड़ी में वार्ड 96 सांगानेर मंडल में भाजपा



पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात का 111वां एपिसोड कार्यक्रम जगह-जगह पूरे भारत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर सुना। इस दौरान कार्यक्रम वार्ड प्रभारी अशोक सालोदिया, वार्ड अध्यक्ष घनश्याम छिपा, वार्ड प्रत्याशी जगदीश हरित बाल, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत, निशांत गुप्ता, कपिल कुमावत, देवराज सैनी, सुरेश पारीक, विजय शंकर, अभिषेक गौड, रघुवीर सिंह, लोकेश वाल्मीकि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हीरापुरा बस टर्मिनल सितंबर में शुरू होगा

जयपुर | हीरापुरा बस टर्मिनल सितंबर माह के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। यहां से अजमेर रोड यानी अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जोधपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, नागौर सहित अन्य जगह की बसें चलेंगी। पहले फेज में रोडवेज की इस रूट पर चलने वाली कुल बसों में से 25 प्रतिशत बसों को यहां से चलाया जाएगा। इसके अलावा लोक परिवहन की 14 और 36 बसें स्टेट कैरिज की संचालित होंगी। गौरतलब हैं कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बुधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा के आदेश के बाद परिवहन आयुक्त मनीषा अरोडा ने टर्मिनल संचालन को लेकर बैठक ली थी।

## एसीपी पुलिस सांगानेर विनोद शर्मा ने सीएलजी मेंबरों की ली मीटिंग बदले हुए नए कानून की दी जानकारी

जयपुर, सांगानेर(रॉयल पत्रिका)| एसीपी पुलिस सांगानेर विनोद कुमार शर्मा एवं थानाधिकारी हिम्मत सिंह पुलिस थाना मालपुरा गेट सांगानेर द्वारा 1 जुलाई को नए कानून लागू होने के संबंध में मनवर गार्डन सांगानेर में सीएलजी मेंबरों की एक मीटिंग रखी गई। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा बदले कानून आईपीसी, बीएसएस भारतीय सुरक्षा संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 511 धाराओं को कम कर 358 धाराओं में परिवर्तन की जानकारी दी गई। तथा नए कानून की जानकारी आम जनता तक कैसे पहुंचे, इस पर विचार विमर्श किया गया। अधिक से अधिक लोगों तक नए कानून के बारे में जानकारी देने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए आप लोग सहभागी बने। इस मौके पर दी वार संगठन के अध्यक्ष हंसराज भहरबाल अधिवक्ता, रफीक खान, राजू , बाबू टोडावत, राजा भाई, मन्नूभाई ,नुजहत परवीन, मीना शर्मा, समीर हुसैन, करमचंद सांमरिया, अब्दुल रशीद कागजी, अब्दुल भाई, कांता गुप्ता, राकेश, मनमोहन सोनी, मोहम्मद इमरान, शफीक खान, कालू भाई, मन भर पैलेस के संरक्षक बबलू सैनी, मालपुरा गेट पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल दशरथ सिंह, विजय भान, करण सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





## एफडीसीए एवं एपीसीआर ने संयुक्त रूप से किया जोधपुर के सूरसागर का दौरा

जयपुर। पिछले दिनों राजस्थान के जोधपुर जिले सूरसागर थाना इलाके में 21 जून 2024 शुक्रवार रात को 2 समुदाय के लोगों में धार्मिक जगह ईदगाह का गेट खोलने एवं बंद करने के मामले में विवाद हो गया था। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ समझाईश की और दोनों समुदाय के लोग मान भी गए थे। लेकिन रात को फिर से आपस में भिड गए और उन्होंने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान एक दुकान व ट्रैक्टर भी जला दिया। जब पुलिस उन्हें रोकने लिए वहां पहुंची तो उपद्रवियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाकर हालात पर काबू पाया गया। साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। हालांकि अभी भी पूरे इलाके में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। जिस कारण चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस तैनात है। इन सभी हालातों को देखते हुए फोरम फॉर डेमोक्रेसी एण्ड क्म्यूनल एमिटी (एफडीसीए) एवं एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन एवं सिविल राइट्स (एपीसीआर) के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जोधपुर के सूरसागर



इलाके का दौरा किया। दौरे के दौरान वहां के इलाके के लोगों से मुलाकात कर सांम्प्रदायिक घटना की पूरी जानकारी ली तो वहां लोगों ने खासतौर पर महिलाओं ने बताया कि उनके साथ पुलिस का बर्ताव बरबरता पूर्वक रहा। एवं कई बेकसूर लोगों को परेशान करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही दौरे के दौरान यह बात भी निकल कर सामने आई की सूरसागर इलाके के घटना के उपरान्त बड़े बुजुर्गों ने अपने बच्चों को नहीं समझाया। इस मौके पर एफडीसीए एवं एपीसीआर के सदस्यों ने सभी लोगों से खासतौर पर इलाके के बुजुर्गों से आह्वान किया कि यहां एक सद्भाव कमेटी बनाई जाए। और कोई भी मामला होता है तो आपस में ही मिलकर उस मामले को दूर कर लिया जाए। ताकि आप लोगों को पुलिस प्रशासन की आवश्यकता ना पड़े। इस मौके पर उन्होंने वहां के कमिश्नर, डीसीपी, एवं थानाधिकारी से मुलाकात कर इलाके में हुए साम्प्रदायिक तनाव की जानकारी ली और कहा कि दोनों समुदाय के जो बेकसूर लोग हैं उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए। और जो लोग इस साम्प्रदायिक घटना के जिम्मेदार हैं उनकी निष्पक्ष जांच करते हुए उन पर उचित कार्यवाही की जाए। इस पर उन्होंने आश्वासन देते हुए निर्दोष लोगों नहीं पकड़ने की बात कही। इस मौके पर एफडीसीए के प्रदेशाध्यक्ष सवाई सिंह, उपाध्यक्ष सेवानिवृत जज टी.सी. राहुल एवं एपीसीआर राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सैयद सआदत अली, महासचिव एपीसीआर राजस्थान एवं एफडीसीए के मुजम्मिल रिजवी, सहित संगठन के अन्य कई लोग मौजूद रहे।

रॉयल पत्रिका

**जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसार ।**

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें -**
संपादक, रॉयल पत्रिका,
मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड,
रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002
मोबाइल: 8058969180/9799559096

## जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 100 मी. लंबी पहली प्लास्टिक वेस्ट रोड का उद्घाटन

जयपुर । जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सगत सिंह रोड अंडर ब्रिज से कब्स कॉर्नर कॉम्प्लेक्स तक 100 मीटर लंबी पहली प्लास्टिक जयपुर मिलिट्री स्टेशन प्लास्टिक वेस्ट से रोड बनाने वाला दूसरा मिलिट्री स्टेशन है। इससे पहले वर्ष 2019 में उत्तर पूर्व में नारंगी



वेस्ट रोड का उद्घाटन हुआ। 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आर.एस. गोदारा ने यह उद्घाटन किया। मिलिट्री स्टेशन में प्लास्टिक वेस्ट रोड बनी है। इस दौरान मेजर जनरल गोदारा ने साइट पर पौधरोपण भी किया।

## मस्जिद से पांच हजार व सूरह यासीन चोरी

जयपुर । रामगंज थाने में एक मस्जिद के गल्ले से पांच हजार रुपए व सूरह यासीन ग्रंथ चोरी होने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि बाबू का टीबा मस्जिद कबाड़ियान के मोहम्मद आसिफ कुरैशी ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि चोर मस्जिद के गल्ले से पांच हजार रुपए व सूरह यासीन ग्रंथ (जिस पर मस्जिद कबाडियान लिखा था) चुरा ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने में जुटी है।

## आगजनी से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन शाखा की ओर से गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सालयों, कार्यालय एवं घर पर आपातकालीन स्थितियों में आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए साहस दिखाते हुए सर्वप्रथम खुद को सुरक्षित करते हुए दूसरों को आग से बचाने के सभी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बताया कि किचन में काम आने वाले एलपीजी सिलेंडर में बेहतर क्वालिटी की गैस पाइप एवं कनेक्टर की जगह क्लिप आवश्यक रूप से



मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षक सावरमल ने स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान फायर ब्रिगेड सहित आग बुझाने के काम में आने वाले विभिन्न तकनीकी उपकरणों के माध्यम से लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया। यादव ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। साथ ही, इस्तेमाल में लानी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयों में आग बुझाने के यंत्रों की समय-समय पर मरम्मत करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में फायर ब्रिगेड के टोल फ्री नम्बर 101 पर कॉल करना चाहिए। इस मॉकड्रिल के दौरान अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एसएनओ आपदा प्रबंधन डॉ. अलका सक्सेना सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की केंद्रीय सलाहकार परिषद् के तीन दिवसीय अधिवेशन में कई प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की केंद्रीय सलाहकार परिषद् का अनुभव है कि इस बार संसदीय चुनाव में लोगों का जनादेश बिल्कुल स्पष्ट है। यह जनादेश तानाशाही के बजाये लोकतंत्र, फासीवाद और संप्रदायवाद के बजाये संवैधानिक मूल्यों, नफरत और भेदभाव के बजाये सहिष्णुता और बहुलवाद और अहंकार के बजाय विनम्रता के पक्ष में है। सलाहकार परिषद् का एहसास है कि लोगों ने सत्ताधारी पार्टी को सत्ता नहीं लौटाई है, बल्कि एनडीए की गठबंधन सरकार और एक मजबूत विपक्ष के लिए वोट किया है। हकूमत के ज़िम्मेएदारों को इस जनादेश को भली-भांति समझना चाहिए और उसके अनुरूप अपने दृष्टिकोण में उचित सुधार करना चाहिए। परिषद् का यह भी एहसास है कि जहां भाजपा को अपनी सांप्रदायिक नीतियों के कारण देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में नुकसान उठाना पड़ा है, वहीं दक्षिण में उसकी पकड़ मजबूत हुई है। दक्षिणी राज्यों के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ गई है कि वे अपने राज्यों में सांप्रदायिकता, नफरत और कट्टरता के जहर को फैलने न दें, जिसने देश के बाकी हिस्सों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का एक बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश, जहां पिछले कई वर्षों से धार्मिक नफरत के आधार पर मुसलमानों के खिलाफ जुल्म और हिंसा का माहौल बनाया जा रहा था, मस्जिद मंदिर के नाम पर दो वर्गों के बीच दरार पैदा की जा रही थी, और कानून के शासन के बजाय, अत्याचार , उत्पीड़न और कट्टरता और कानून के पक्षपातपूर्ण उपयोग का एक सामान्य माहौल बनाया गया था वहां राज्य के लोगों ने अपने वोटों के माध्यम से इस बुरी प्रवृत्ति के प्रति अपनी अस्वीकृति स्पष्ट रूप से व्यक्त की है। केंद्रीय सलाहकार परिषद् विपक्षी दलों से मांग करती है कि वे नतीजों और उसके जनादेश को समझें । यदि धर्मनिरपेक्ष दल अपने दलगत हितों एवं व्यक्तिगत अहंकार से ऊपर उठकर गठबंधन का रूप नहीं लेते तो उन्हें यह सफलता कभी नहीं मिलती। यह भी एक तथ्य है कि विपक्ष पर लोगों का विश्वास तब पैदा हुआ जब उसने सांप्रदायिकता, फासीवादी प्रवृत्तियों और नफरत और भेदभाव की राजनीति के खिलाफ स्पष्ट और साहसिक रुख अपनाया। जिन राज्यों में वे साम्प्रदायिकता के विरुद्ध स्पष्ट रुख लेकर आये, वहां उन्हें सफलता मिली और जहां वे संकोच, भय और दमन तथा लोभ और स्वार्थ के मनोविज्ञान से पीड़ित थे, वहां उन्हें इस बार भी असफलता का सामना करना पड़ा। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की केंद्रीय सलाहकार परिषद् हालिया चुनावों में नागरिक समाज के असाधारण प्रयासों की सराहना करती है, जिन्होंने खामोशी और समझदारी से लोकतंत्र की स्थिरता और देश में सांप्रदायिक शांति और सद्भाव के स्थायित्व और दमनकारी नीतियों की रोकथाम के लिए सतत एवं समग्र संघर्ष किया तथा जनचेतना को जागृत किया। इसी प्रकार दलित और पिछड़े वर्ग के नागरिकों ने भी जनता की मूलभूत समस्याओं और संविधान की रक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी प्राथमिकताएं तय कीं और सकारात्मक परिणाम सामने आये। केंद्रीय सलाहकार परिषद् का मानना है कि मुसलमानों ने चुनावों में समग्र रूप से बुद्धिमत्ता, सूझ-बूझ, अंतर्दृष्टि और धैर्य दिखाया।

**सलमान अहमद**
राष्ट्रीय सहायक सचिव, मीडिया विभाग, जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, मुख्यालय

रॉयल पत्रिका

# संपादकीय...

## सरकारी नौकरी मिलना मुश्किल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29 जून को जयपुर में कहा है कि अब सरकारी नौकरी की भर्ती का इंतजार नही करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने 70 हजार पदों पर भर्ती शुरू करदी है। हमने राजस्थान लोकसेवा आयोग से भी भर्तियों का कलेण्डर मांगा है। हम एडवांस में भर्तिया निकालेगें क्योकि हमें पता है हर महीने कितने लोग रिटायर हो रहे है। उसी हिसाब से भर्तियों के विज्ञापन जारी होंगे, जिससे रिक्त पद नही रहें है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को शायद यह जानकारी नही है कि सरकारी पदो के लिए भर्तियों का एलान सभी सरकारों ने किया है लेकिन भर्तिया कितनी हुई यह समझने की बात है। यदि सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती परीक्षा भी हुई है तो उनमें ज्यादातर के पेपर लीक हुए है या फिर पैसे वालो या एप्रोच वालो के पास पहले ही परीक्षा पेपर पहुंच गए। ऐसे में वर्षों में सरकारी भर्तियों की परीक्षा की तैयारी करने वाले मेहनती परीक्षार्थियों को नौकरी नही मिली और नकलची, पैसे से परीक्षा पेपर खरीदने वाले सरकारी नौकरिया ले उड़े। प्रदेश में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में धांधली की खबरें काफी लम्बे समय से आ रही थी लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों ने कोई ध्यान नही दिया। मेहनत करने वाले, गांव से दूर शहरों में रहकर वर्षों तैयारी करने वाले, पढने में काफी हुशियार प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली की बजह से असफल हो गए और बेरोजगार वर्ग में शामिल हो गए। सरकारी भर्ती परीक्षाओं में धांधली प्रदेश में एक बड़ा व्यवसाय बन गया है। सरकारी नौकरिया खरीदी जा रही है। वर्षों तैयारी और मेहनत करने वालो को सरकारी नौकरियां नही मिल पा रही है। प्रदेश का युवा वर्ग हताश हो रहा है। प्राईवेट सेक्टर में सैलेरी कम होने के कारण जरूरते पूरी नही होती है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को सरकारी नौकरियों की भर्ती का ऐलान करने से पहले परीक्षाओं की निष्पक्षता और पेपर लीक के मामलों का रोकना जरूरी है। पेपरलीक और धांधली में कोचिंग सेन्टर, सरकारी कर्मचारी एवं राजनेताओं का गठबंधन बना हुआ है। जब तक परीक्षाओं को साफ सुधरे तरीके से नही करवाया जाएंगा प्रदेश के पढे-लिखे युवाओं को न्याय नही मिलने वाला है। फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी हासिल करने वाला हमेशा ही विभागों में भ्रष्टाचार फैलाते है और भाजपा सरकार के लिए यह जरूरी होना चाहिए कि भर्ती निष्पक्षता से सपन हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सरकारों को बदनाम करते है। इसलिए प्रदेश की निकले लेकिन उनकी परीक्षाएँ साफ-सुधरी एवं कार्यकाल में सरकारी परीक्षाओं में धांधली करने वालों एवं पेपर लीक करने वालों पर कड़ी कार्यवाही हुई है। प्रदेश के युवा वर्ग को भरोसा है कि आगामी सरकारी भर्ती परीक्षओं में पेपर लीक एवं धांधली नही होगी और मेहनती और संघर्ष करने वालो को हक मिलेगा। वर्तमान में युवाओं को मेहनत करने के बाद भी सरकारी नौकरी मिलना मुश्किल हो गया है।

# नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी में मुसलमानों पर हमलों का नया दौर शुरू

लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार को बहुमत न मिलने के बाद विश्लेषकों का मानना था कि अब उनके उग्र समर्थक कमजोर होंगे और मुसलमानों पर हमले कम होंगे। लेकिन ऐसा दिखाई नहीं दे रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद देश भर में मुसलमानों पर हो रहे हमलों में वृद्धि नज़र आ रही है। खासकर, अगर चुनाव अभियान का आकलन किया जाए तो उन दो महीनों में हिंसा में गिरावट देखी गई थी।

**4 जून से लेकर 20 जून के बीच घटी घटनाएं-**

**छत्तीसगढ़ में गोरक्षकों ने तीन मुस्लिम युवकों को मार डाला**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में 7 जून को दो मुसलमानों- चांद मिया खान (23) और गुड्‌ खान (35) को गोरक्षकों ने पीट-पीट कर मार डाला, जब वे एक ट्रक में भैंसों को लेकर यूपी के सहारनपुर से ओडिशा जा रहे थे। उनके साथी सद्दाम कुरैशी (23) हमले में बुरी तरह घायल हुए और अस्पताल में 10 दिनबाद अस्पताल में मौत हो गई।

चांद मिया और सद्दाम सहारनपुर के रहने वाले थे और गुड्‌ खान शामली के।

**चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या**

अलीगढ़ में 35 वर्षीय व्यक्ति मुहम्मद फरीद उर्फ़ औरंगज़ेब को कथित तौर पर चोरी के आरोप में भीड़ ने पीट पीटकर मार डाला। पुलिस के अनुसार फरीद पर उस समय हमला किया गया जब उसे कथित तौर पर एक कपड़ा व्यापारी के घर से बाहर निकलते देखा गया। इस मामले में चार लोग गिरफ्तार हुए हैं।

**हिमाचल प्रदेश में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों का मुस्लिम विक्रेता पर हमला**

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मुहम्मद उमर कुरैशी नाम के एक शख्स ने बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के लोगों पर उनके साथ मारपीट का आरोप लगाया और कहा कि उन लोगों ने उनसे पैसे लूटे और जय श्री राम बोलने को मजबूर किया। पीड़ित यूपी के मेरठ के रहने वाले और रेहड़ी लगाने वाले कुरैशी ने बताया कि हमलावरों ने उन्हें पीटते हुए कहा, 'अब हमारी सरकार आ गई है। मुसलमानों को अब अस्तित्व में नहीं रहने दिया जाएगा। ' कुरैशी का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।

**तेलंगाना के मेडक जिले में मदरसे पर दक्षिणपंथी भीड़ का हमला**

खबरों के मुताबिक, मिन्हाज उल उलूम मदरसा प्रबंधन द्वारा बकरीद पर मवेशी खरीदने के बाद दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों ने मदरसे पर हमला कर दिया। इसमें कई लोगों को चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में भीड़ ने अस्पताल पर भी हमला और पथराव किया।

**मध्य प्रदेश में फ्रिज में बीफ मिलने के बाद पुलिस ने घरों को किया जमींदोज़**

एमपी के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार अवैध गोमांस व्यापार के खिलाफ कार्रवाई के तहत आदिवासी बहुल मंडला में 11 लोगों द्वारा 'सरकारी जमीन' पर बनाए गए घरों को ध्वस्त कर दिया गया। मंडला के पुलिस अधीक्षक ने पीटीआई को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नैनपुर के भैनवाही क्षेत्र में बड़ी संख्या में गायों को काटने के लिए बंधक बनाकर रखा गया है, जिसके बाद कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सभी 11 आरोपियों के घरों के फ्रिज से गोमांस बरामद किया गया था।

**हिमाचल प्रदेश में पुलिस की उपस्थिति में हिंदुत्ववादी भीड़ ने मुस्लिम की दुकान में लूटपाट की**

19 जून को हिमाचल प्रदेश के नाहन शहर में एक मुस्लिम के कपड़े की दुकान में इसलिए तोड़फोड़ और लूटपाट की क्योंकि उस शख्स ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर पशु बलि की तस्वीरें पोस्ट की थीं। उग्र भीड़ का दावा था कि यह गोमांस है। रिपोर्ट के अनुसार, घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनकर खड़ी रही जब सैकड़ों की संख्या में मौजूद भीड़ 'एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्री राम' जैसे नारे लगा रही थी। कई वर्षों से नाहन में कारोबार कर रहे दुकान के मालिक जावेद मूल रूप से सहारनपुर के रहने वाले हैं। गौरतलब है कि इसके बाद पुलिस की पड़ताल में साबित हुआ कि वह तस्वीरें गाय की नहीं थीं। पश्चिम बंगाल में भीड़ ने मुस्लिम युवक को मंदिर के पास मांस फेंकने के आरोप में पीटा 17 जून को ईद के दिन पश्चिम बंगाल के बीरहुम जिले के नोआपोरा गांव में भीड़ ने एक मुस्लिम युवक, तुफान सेख (19), को मंदिर के पास मांस फेंकने के संदेह में खंभे से बांध कर बेरहमी से पीटा। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गईऔर 9-10 लोगों की गिरफ़्तारी हुई। पीड़ित के बड़े भाई ने बताया कि सेख बाइक से कुर्बानी का हिस्सा बांटने के लिए एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जब थैले से मीट का पैकेट सड़क पर गिर गया। जब उन्होंने इसे वापस लाने के लिए यू-टर्न लिया तभी भीड़ ने उन्हें घेर लिया और जानबूझकर मंदिर के सामने मांस फेंकने का आरोप लगाया।

**इन मामलों के अलावा मुसलमानों पर अत्याचार के पिछले एक महीने के अंदर कई अन्य मामले सामने आए।**

लोकसभा चुनावों के परिणाम के बाद अचानक मुसलमानों के खिलाफ हिंसा में वृद्धि होने के कारणों के बारे में मुस्लिमों पर होने वाले जुल्मों का रिकॉर्ड रखने वाली वेबसाइट हिंदुत्व वॉच के संस्थापक रक़ीब नाइक ने कहा कि मोदी सरकार के कमज़ोर होने के कारण मुसलमानों पर होने वाले जुल्मों में गिरावट आएगी। इसकी संभावना बहुत कम है। ऐसे अपराध तभी कम होंगे जब सारे राज्यों से भी भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने जोड़ा कि ऐसा होने की संभावना कम है क्योंकि मुसलमानों के खिलाफ नफरत समाज की जड़ तक फैल चुकी है और इसे ठीक होने में कितना वक़्त लगेगा ये कहा नहीं जा सकता। अपराधों में अचानक हुई वृद्धि पर उन्होंने कहा, 'भाजपा के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन न करने का जिम्मेदार मुसलमानों को ठहराया जा रहा है। एक तरफ तो हिंदुत्ववादी कहते हैं कि उन्हें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए, वहीं दूसरी और भाजपा को वोट न देने के लिए उनको प्रताड़ित भी करते हैं। ' उनका यह भी मानना है कि पीएम मोदी जैसे बड़े नेता द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान की गई सांप्रदायिक भाषणबाज़ी अत्याचार करने वालों के हौसले बुलंद करती है।

अप्रैल तथा मई में मुसलमानों के खिलाफ अपराध के कम मामले

इन दो महीनों में प्रकाशित हुई खबरों के परीक्षण में पाया कि आम चुनावों के दौरान अप्रैल-मई में देश भर में हुए मुसलमानों पर हमले अपेक्षाकृत कम हुए थे।

**कैंपस में हिंदू दोस्तों के साथ घूमते मुस्लिम छात्र को पीटा गया**

न्यूज़लॉन्ड्री की रिपोर्ट के मुताबिक, 7 अप्रैल को सवित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र जुनैद जमादार और उनके साथ घूम रहे लोगों (एक पुरुष और दो महिला) को कुछ गुंडों ने रोका और उनसे उनका पहचान पत्र दिखाने को कहा। पहचान पत्र देखने के बाद उन गुंडों ने जुनैद की ओर रुख किया। जुनैद ने बताया कि उन्होंने पूछा कि क्या मैं मुस्लिम हूं? जब मैंने हां कहा तो उन्होंने पूछा 'तुम यहां हिंदू लड़कियों के साथ क्या कर रहे हो?' लव जिहाद करने आए हो?' इससे पहले कि जुनैद कुछ जवाब दे पाते, उन लोगों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया और कहा कि कॉलेज छोड़ दो नहीं तो जान से मार डालेंगे। दावा है कि वे लोग विहिप सदस्य थे, जिन्होंने जुनैद के साथ मौजूद दोनों लड़कियों को मुस्लिम लड़कों से दूर रहने को लेकर धमकाया भी था। ।

**पशु व्यापारी के साथ मारपीट**

ओडिशा के बाबालेश्वर में बंदे नवाज़ नाम के एक शख्स पर विजयपुरा से बाबालेश्वर मवेशियों को ले जाने दौरान बजरंग दल के 10-15 सदस्यों ने गौ तस्करी के आरोप में हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया।

**हिंदुत्व वेबसाइट द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद मुंबई की प्रिंसिपल बर्खास्त**

मुंबई की एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल परवीन शेख़ को फिलिस्तीन के समर्थन में एक पोस्ट लाइक करने के कारण स्कूल से निकाल दिया गया। 24 अप्रैल को ऑप इंडिया नाम की एक वेबसाइट ने शेख के खिलाफ एक स्टोरी की, जिसमे शेख के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लाइक किए गए पोस्ट के आधार पर 'हमास-समर्थक', 'हिंदू-विरोधी' और 'इस्लामवादी उमर खालिद' का समर्थक होने का आरोप लगाया था। ऑप इंडिया ने सोशल मीडिया पर स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ कैंपेन भी चलाया, जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया।

**गुजरात में गौरक्षकों द्वारा मुस्लिम व्यक्ति की लिंचिंग**

22 मई को गुजरात के बनासकांठा में एक ड्राइवर के साथ भैंसों को ले जा रहे मिश्री खान बलूच नाम के एक मुस्लिम व्यक्ति को गौरक्षकों ने कथित तौर पर पीट-पीट कर मार डाला।

बलूच के भाई ने कहा कि गौरक्षकों ने गाड़ी का पीछा किया और रोककर दोनों 2 लाख रुपये मांगे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया, ड्राइवर किसी तरह भागने में सफल रहा लेकिन भीड़ ने बलूच को बेरहमी से पीटा और उनकी मौत हो गई। रक़ीब नाइक के अनुसार, चुनावों के दौरान हिंसा में गिरावट आने का सबसे अहम कारण यह रहा कि इस दौरान हिंदुत्वादी संगठन, जैसे कि बजरंग दल, विहिप तथा अन्य चुनावों में व्यस्त थे। एक कारण यह भी हो सकता है कि चुनावों के दौरान पूरे देश भर में आचार संहिता लागू होता है, इस दौरान अपराध कर पकड़े जाने की संभावना ज्यादा होती है, इसके डर से भी हिंसा के मामलों में गिरावट दर्ज की गई।

**जनवरी से मार्च तक**

जनवरी- फरवरी के महीने में देश भर में मुसलमानों पर अत्याचार के कई मामले सामने आए। कई ऐसे मामले सामने आए जहां पर मुसलमानो के साथ पुलिस द्वारा अत्याचार किए गए।

**बदायूं में गोहत्या के संदेह में पुलिस ने मुस्लिम युवक को प्रताड़ित किया**

यूपी के बदायूं शहर में एक चौकी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी पर गोहत्या के आरोपी एक मुस्लिम युवक के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का आरोप लगा। बाद में ख़बरों से पता चला कि पुलिस ने पीड़ित को दूसरा व्यक्ति समझकर उठाया था। 22 वर्षीय पीड़ित की मां ने आरोप लगाया कि एक सब-इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस ने उनके बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार किया, जिसमें शरीर के संवेदनशील हिस्से में छड़ी डालना और बार-बार बिजली के झटके देना शामिल था।

**मुंबई के मीरा रोड में मुसलमानों की दुकानों को ध्वस्त किया गया**

21 और 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मनाए जा रहे जश्न के दौरान मुंबई से सटे मीरा रोड और राज्य के कई अन्य हिस्सों में मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गए और झड़पें हुईं। पुलिस ने कथित तौर पर हिंदुओं की एक रैली को मुस्लिम इलाके में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की, जिससे दोनों पक्षों में तनाव और झड़पें हुईं। रैली में भड़काऊ और नरसंहार के नारे लगे थे। हिंसा के बाद मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) ने मीरा रोड के नया नगर में कथित अवैध संरचनाओं, जो मुसलमानों के स्वामित्व वाली थीं, के खिलाफ बुलडोज़र कार्रवाई की।

**मुस्लिम युवक को नग्न कर घुमाया, प्राइवेट पार्ट में आग लगाने की कोशिश**

तेलंगाना के कौमुदी में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भगवा झंडे का अपमान करने वाली रील पोस्ट करने पर एक मुस्लिम युवक की पिटाई की गई और उसे नग्न कर घुमाया गया। आरोप है कि उसके प्राइवेट पार्ट्स को जलाने की भी कोशिश की गई।

**पुलिस ने मुस्लिम युवक की जान ली, एनकाउंटर बताया**

16 जनवरी को मुजफ्फरनगर के खतौली निवासी एक मुस्लिम व्यक्ति को पुलिस ने कथित तौर पर मार डाला। पुलिस का कहना था कि वह एक चोर था और एक मुठभेड़ में मारा गया, जबकि परिवार का कहना है कि उसका चोरी से कोई लेना-देना नहीं था और उसकी बेरहमी से हत्या हुई। घटना तब हुई जब 23 वर्षीय मतीन अपने ठेले के लिए सब्जियां खरीदने के लिए निकले थे। परिवार के मुताबिक, दोपहर में उन्हें मतीन ने एक अज्ञात नंबर से फोन कर कहा कि उन्हें पुलिस ने गोली मार दी है और वे मेडिकल हॉस्पिटल मेरठ में हैं। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों को मतीन गंभीर रूप से घायल मिला, जो पुलिसवालों से घिरा हुआ था। पुलिस ने उन्हें मतीन से मिलने नहीं दिया और उसने दम तोड़ दिया।

**हल्द्वानी: मदरसे और मस्जिद में तोड़फोड़ के बाद छह मुसलमानों की मौत**

उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में एक मदरसे और मस्जिद पर बुलडोज़र कार्रवाई के बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बीच के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जारी किए गए शूट एट साइट के आदेश के बाद छह लोगों की गोली लगने से मौत हुई। बुलडोज़र कार्रवाई के बाद से इलाके में बवाल हुआ था और रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने लोगों को गोली मारने के लिए मशीनगनों का इस्तेमाल किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक़ हिंदू भीड़ भी पुलिस के साथ शामिल हुई और हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। रक़ीब नाइक ने उस समय मुसलमानों पर हुई हिंसा को राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ा। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई इस तरह की धार्मिक गतिविधियां होती हैं तब उस समय धर्म के आधार पर होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी देखी जाती है। 'एक और कारण यह हो सकता है कि इन महीनों के दौरान लोकसभा के चुनावों की तैयारियां चरम पर थीं और समुदायों के बीच माहौल बिगाड़कर कुछ राजनीतिक पार्टियां अपनी रोटी सेंकती हैं। इसलिए मुसलमानों के खिलाफ हिंसा में बढ़ोतरी को चुनावों से भी जोड़कर देख सकते हैं। ' न्यूज़ वेबसाइट मुस्लिम मिरर ने मार्च में एक रिपोर्ट जारी कि थी, जिसमें उक्त समारोह के बाद देश भर में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी का जिक्र किया गया था। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़े मौजूद नहीं हैं, लेकिन अखबारों और न्यूज़ पोर्टल्स पर उपलब्ध खबरें इंगित करती हैं कि जनवरी से लेकर मार्च तक मुसलमानों के खिलाफ हिंसा के ढेरों मामले हुए। अप्रैल और मई में ऐसे मामलों में गिरावट आई और जून के महीने में संख्या तेज़ी से बढ़ती दिखी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अपूर्वानंद का कहना है कि चुनाव के दौरान हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोग व्यस्त थे, चुनाव खत्म होने के बाद वो अपनी स्वाभाविक गतिविधियों में फिर से जुड़ गए, जिसके बाद से हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। चुनावों के दौरान कम हिंसा होने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमें यह नहीं मानना चाहिए कि हिंसा कम हुई, चुनावों के दौरान हिंसा दूसरे ढंग से हुई। और यह हिंसा प्रधानमंत्री तथा भाजपा के अन्य बड़े नेता कर रहे थे, भाषा के माध्यम से। वो लोग मुसलमानों के विरोध में खुलकर भड़काऊ भाषण दे रहे थे, ये भी एक प्रकार की हिंसा ही है। ' उन्होंने जोड़ा कि आने वाले समय में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी होगी। क्योंकि भाजपा समर्थकों को यह लगता है कि मुसलमानों ने भाजपा को कमजोर किया है, इसलिए उन्हें सजा दी जाएगी। (साभार)

# हजारा बीवी इस्माईल एक समर्पित खादी कार्यकर्ता



हजारा बीबी इस्माईल आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली के स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद इस्माइल की पत्नी थी यह दंपत्ति महात्मा गांधी से काफी प्रभावित थे,और फिर इन्होंने अपने आपको खादी आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया था मोहम्मद इस्माइल ने गुंटूर जिले में पहला खद्दर स्टोर शुरू किया जिसके लिए उन्हें खद्दर इस्माइल के नाम से प्रसिद्धि मिली। उन दिनों तेनाली आंध्र प्रदेश में मुस्लिम लीग का मुख्यालय भी था जोकि बहुत सक्रिय था क्योंकि मुस्लिम होने के बावजूद भी हजारा और उनके पति गांधीजी का अनुसरण करते थे इसलिए उन्हें मुस्लिम लीग से कड़े विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन हजारा बीवी ने हिम्मत नहीं हारी उस दौरान उनके पति को राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका के लिए कई बार गिरफ्तार भी किया गया था हजारा बीवी और उनके पति चाहते थे कि उनके बच्चे वहां शिक्षित हो जहां राष्ट्रवाद की शिक्षा दी जाती हो इसलिए उन्होंने अपनी बालिकाओं को एक हिंदी स्कूल में भेज दिया इन सब के लिए उन्हें मुस्लिम सम्प्रदाय के कुछ लोगों की तरफ से विरोध एवं बहिष्कार भी झेलना पड़ा। विभिन्न आंदोलनों के दौरान खद्दर इस्माइल को कई बार जेल भी जाना पड़ा जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा और आखिरकार सन 1948 में उनका निधन हो गया। अपने पति को खोने के बाद भी हजारा बीवी झुकी नहीं और मजबूती से खड़ी रही सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी के तहत उनके पति के निधन के बाद उन्हें जमीन देने की पेशकश की लेकिन हजारा बीवी ने बड़ी ही विनम्रता से जमीन लेने से इनकार कर दिया और कहा कि वह नहीं चाहती कि उनकी देशभक्ति का मूल्य संपत्ति के माध्यम से तोला जाए इसके अलावा उन्होंने अपने पति के द्वारा किए गए वादों को निभाने के लिए अपने परिवार की जमीन भी एक विनय आश्रम को दान कर दी अपने पति के निधन के बाद भी वह व्यापक संघर्ष के लिए समर्पित थी हाजरा बीवी ने अपने पति के बाद अपने बच्चों के साथ खादी की दुकान चलाई एवं आखरी सांस तक खादी ही पहनी। 16 जून 1994 को हजारा बीवी स्माइल का तेनाली में निधन हो गया वह एक महान एवं समर्पित खादी कार्यकर्ता रही।

# "देर रात तक जागना"

आप रसुलुल्लाह मुहम्मद सलल्लाहो अलेही वसल्लम के वक्त भी अरब व अजम में देर रात तक अफसाना गोई,किस्सा गोई का चलन था।जिससे वका की बर्बादी के साथ बहुत सी बुराइयों को बढ़ावा मिलता है। आप रसुलुल्लाह सलल्लाहो अलेही वसल्लम ने इस रस्म को मिटाने के लिए ईशां से पहले सोने और ईशां के बाद फिजूल किस्सा गोई को मना फरमाया है। हिकमत ये थी के ईशां की नमाज पर इंसान के आमाल योमिया खत्म हो रहे हैं जो दिन भर के गुनाहों का कुफ्फारा हो सकता है यही इसका आखिरी अमल हो तो बहतर है। क्योंकि बेवजह देर रात तक जगनेसे इंसान गीबत, झूठ और इसी तरह की बुराइयों में फंस जाता है एक और बुराई देर रात तक जागेगा तो देर से उठेगा तो फजर की नमाज नहीं पढ़ सकेगा। खलीफाये कौम हजरत उमर फारूक जब किसी को ईशां के बाद फिजूल किस्सा गोई में मशगूल देखते तो तन्बिया फरमाते थे और बाज को सजा भी देते थे और फरमाते थे जल्दी सो जाओ शायद आखिर रात में तहज्जुद की तौफीक हो जाए। आज मुस्लिम कौम इस बुराई में बहुत हद तक मुब्तला है हमें इस बुराई को दूर करना चाहिए। -

**(हाजी सईद अहमद)**

# ब्रिगेडियर उस्मान थे देश के लिए जान देने वाले पहले अफ़सर



हम आज एक ऐसे शख़्स के बारे में आपको बताएंगे जिसने आज़ादी के बाद हुई, पहली हिन्दस्तान-पाकिस्तान जंग में हिन्दस्तान के लिए लड़ते हुए जान दे दी। 1947-48 में हुई भारत-पाकिस्तान की जंग पहली जंग है जिसे भारत ने आज़ादी के बाद लड़ा। इस जंग में शहीद होने वाले ब्रिगेडियर उस्मान, उस जंग में शहीद होने वाले सबसे बड़े अफ़सर थे। ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान का जन्म 15 जुलाई, 1912 को आज़मगढ़ में हुआ। आज़ादी के बाद मिलिट्री के अफ़सरों को ये चुनने की आज़ादी दी गई कि वो हिन्दस्तान में रहें या पाकिस्तान चले जाएं। ब्रिगेडियर उस्मान ने हिन्दस्तान ही में रहना पसंद किया और आज़ादी के फ़ौरन बाद हुई जंग में पाकिस्तान से लोहा लेते हुए वो मुल्क पे कुर्बान हो गए। पाकिस्तानी फौजियों से लड़ते हुए उनका इन्तेक़ाल 3 जुलाई, 1948 को नौशेरा में हुआ। उन्हें उनकी शहादत की याद में नौशेरा का शेर भी कहा जाता है। बाद में उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। सादगी की ज़िन्दगी पसंद करने वाले उस्मान अपनी सूझ-बूझ के लिए जाने जाते थे। उनके बारे में तब के प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरु ने कहा था कि मुल्क के सेकुलरिज्म की यही पहचान है।

# 1965 के युद्ध के हीरो थे परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद



वीर अब्दुल हमीद का जन्म 1 जुलाई, 1933 धरमपुर गांव, ग़ाज़ीपुर ज़िला, उत्तर प्रदेश में एक मुस्लिम दर्जी परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था, अब्दुल हमीद 10 सितम्बर, 1965 में तरनतारन साहब ज़िला, पंजाब में युद्ध के मैदान में शहीद हुए। आजीविका के लिए कपड़ों की सिलाई का काम करने वाले मोहम्मद उस्मान के पुत्र अब्दुल हमीद की रूचि अपने इस पारिवारिक कार्य में बिलकुल नहीं थी। कुश्ती के दाँव पेंचों में रूचि रखने वाले पिता का प्रभाव अब्दुल हमीद पर भी था। लाठी चलाना, कुश्ती का अभ्यास करना, पानी से उफनती नदी को पार करना, गुलेल से निशाना लगाना एक ग्रामीण बालक के रूप में इन सभी क्षेत्रों में हमीद पारंगत थे। उनका एक बड़ा गुण था सबकी यथासंभव सहायता करने को तत्पर रहना। किसी अन्याय को सहन करना उनको नहीं भाता था। यही कारण है कि एक बार जब किसी गरीब किसान की फसल बलपूर्वक काटकर ले जाने के लिए जमींदार के 50 के लगभग गुंडे उस किसान के खेत पर पहुंचे तो हमीद ने उनको ललकारा और उनको बिना अपना मन्तव्य पूरा किये ही लौटना पड़ा। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित गाँव की नदी में डूबती दो युवतियों के प्राण बचाकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। 21 वर्ष के अब्दुल हमीद जीवन यापन के लिए रेलवे में भर्ती होने के लिए गये परन्तु उनके संस्कार उन्हें प्रेरित कर रहे थे, सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए। अत: उन्होंने एक सैनिक के रूप में 1954 में अपना कार्य प्रारम्भ किया। हमीद 27 दिसंबर, 1954 को ग्रेनेडियर्स इन्फैन्ट्री रेजिमेंट में शामिल किये गये थे। जम्मू काश्मीर में तैनात अब्दुल हमीद पाकिस्तान से आने वाले घुसपैठियों की खबर तो लेते हुए मजा चखाते रहते थे, ऐसे ही एक आतंकवादी डाकू इनायत अली को जब उन्होंने पकड़वाया तो प्रोत्साहन स्वरूप उनको प्रोन्नति देकर सेना में लांस नायक बना दिया गया। 1962 में जब चीन ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा तो अब्दुल हमीद उस समय नेफा में तैनात थे, उनको अपने अरमान पूरे करने का विशेष अवसर नहीं मिला। उनका अरमान था कोई विशेष पराक्रम दिखाते हुए शत्रु को मार गिराना। अधिक समय नहीं बीता और 1965 में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया। अब्दुल हमीद को पुन: सुअवसर प्राप्त हुआ अपनी जन्मभूमि के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का। मोर्चे पर जाने से पूर्व, उनके अपने भाई को कहे शब्द पल्टन में उनकी बहुत इज्जत होती है जिन के पास कोई चक्र होता है, देखना झुन्नन हम जंग में लड़कर कोई न कोई चक्र जरूर लेकर लौटेंगे। 10 सितम्बर 1965 को जब पाकिस्तान की सेना अपने कुत्सित इरादों के साथ अमृतसर को घेर कर उसको अपने नियंत्रण में लेने को तैयार थी, अब्दुल हमीद ने पाक सेना को अपने अभेद्य पैटन टैंकों के साथ आगे बढ़ते देखा। अपने प्राणों की चिंता न करते हुए अब्दुल हमीद ने अपनी तोप युक्त जीप को टीले के समीप खड़ा किया और गोले बरसाते हुए शत्रु के तीन टैंक ध्वस्त कर डाले। पाक अधिकारी क्रोध और आश्चर्य में थे, उनके मिशन में बाधक अब्दुल हमीद पर उनकी नजर पड़ी और उनको घेर कर गोलों की वर्षा प्रारम्भ कर दी। इससे पूर्व कि वो उनका एक और टैंक समाप्त कर पाते, दुश्मन की गोलाबारी से वो शहीद हो गये। अब्दुल हमीद का शौर्य और बलिदान ने सेना के शेष जवानों में जोश का संचार किया और दुश्मन को खदेड दिया गया। वीर अब्दुल हमीद के सम्मान में जारी डाक टिकिट 32 वर्ष की आयु में ही अपने प्राणों को देश पर न्यौछावर करने वाले इस वीर को उसकी शहादत पर नमन किया जाता है। उन्होंने अपनी अद्‌त वीरता से पाकिस्तानी शत्रुओं के खतरनाक, कुत्सित इरादों को तो ध्वस्त करते हुए अपना नाम इतिहास में सदा के लिए स्वर्णाक्षरों में अंकित कराया साथ ही एक सन्देश भी दिया कि केवल ससाधनों के बलबूते युद्ध नहीं जीता जाता। अपने भाई से किया वायदा उन्होंने पूरा किया और शहादत के बाद उनको सबसे बड़े सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, जो उनकी पत्नी श्रीमती रसूली बीबी ने प्राप्त किया। इसके अलावा भी उनको समर सेवा पदक, सैन्य सेवा पदक और रक्षा पदक से नवाज़ा गया।

# सही एवं समय पर प्रस्तुत करें आयकर विवरणी योगदान

वर्तमान में हमारे देश में आयकर से संबंधित प्रक्रिया , आयकर अधिनियम , 1961 द्वारा नियमित / संचालित हैं। कर की परिभाषा , अलग अलग विद्वानों द्वारा अलग - अलग दी गई है , परंतु सामान्य व्यक्ति के दृष्टिकोण से इसे हम " विकास की लागत " के रूप में समझ सकते हैं । आयकर अधिनियम, 1961, आयकर नियम , 1962 , विभिन्न नॉटिफ़िकेशंस , सर्कुलर्स , प्रोवाइज़ो , क्लॉज़ , सब क्लॉज़ , एक्सप्लेनेशंस इत्यादि , विस्तृत आयकर क़ानून का भाग हैं । हमारे देश भारत में आय को 5 स्तोत्रों में बाँटा गया है , जो कि निम्न लिखित हैं :- वेतन से आय , हाउस प्रॉपर्टी से आय , व्यापार एवं प्रोफेशन से आय , पूँजीगत लाभ से आय तथा अन्य स्तोत्रों से आय । प्रत्येक व्यक्ति को , आयकर क़ानून के प्रावधानों के अनुसार , आवश्यक होने पर , कर निर्धारण वर्ष से संबंधित पूर्ववर्ती वर्ष ( previous year ) के लिए अपनी समस्त स्तोत्रों की आय की एक आयकर विवरणी , तय समय सीमा में , आयकर विभाग के पोर्टल पर , ऑनलाइन रूप से दाखिल करनी होती हैं । आयकर विवरणी एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है , जिसे बहुत ही सावधानी से , दाखिल किया जाना चाहिए । हमारे यहाँ , ऑडिट केस के अलावा , आयकर विवरणिका दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है , अतः इस लेख द्वारा यह प्रयास किया गया है कि , आयकर विवरणिका भरते वक्त ध्यान रखी जाने वाली सावधानियों को , सभी करदाताओं की जानकारी में लाया जाये ताकि एक सही आयकर विवरणी समय पर ( 31 जुलाई तक ) विभाग में प्रस्तुत की जा सके एवं करदाता राष्ट्र विकास में अपना योगदान दे सकें ।

आयकर विवरणी भरते समय रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियाँ :-

1. सही रिटर्न फॉर्म का चुनाव :- आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए आई टी आर -1 से आई टी आर - 7 तक के फॉर्म उपलब्ध हैं । किस व्यक्ति द्वारा किन परिस्थियों में कौन सा फॉर्म भरा जाएगा , यह नियमों में स्पष्ट लिखा गया है । अतः आई टी आर भरते समय , सही रिटर्न फॉर्म का चुनाव अति आवश्यक है ।

2. रेजिडेंशियल स्टेटस का निर्धारण :- आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत , person का रेजिडेंशियल स्टेटस , Resident/ Non Resident या R & OR में से कौनसा है , इसका सही निर्धारण किया जाना चाहिए । क़ानून के अनुसार resident की आय देश में या देश के बाहर कहीं भी हो , कर के दायरे में आएगी वहीं Non Resident के केस में देश के बाहर कमाई गई आय , कर दायरे से बाहर होती हैं । अतः रेजिडेंशियल स्टेटस का सही निर्धारण बहुत आवश्यक है।

3. रिटर्न का मिलान करदाता के बैंक खातों से करें ।

4. रिटर्न का मिलान आयकर विभाग द्वारा प्रदत्त फॉर्म 26AS , AIS एवं TIS से करें ।

5. करदाता द्वारा संबंधित वर्ष में ख़रीद की गई संपत्ति / इन्वेस्टमेंट के स्त्रोत का मिलान करें ।

6. आयकर क़ानून के जानकार विशेषज्ञ से ही रिटर्न भरवायें ।

7. आयकर छूट का क्लेम , दस्तावेजों की पूर्ण जाँच के बाद ही करें। दस्तावेजों को सुरक्षित रखें।

8. आयकर विवरणिका समय पर ही प्रस्तुत करें।

9. आय पर बनने वाला अग्रिम आयकर / स्व कर निर्धारण कर समय पर जमा करवायें ।

10. कर निर्धारण वर्ष से संबंधित पूर्ववर्ती वर्ष के लिए , करदाता के आय के हर स्रोत की आय , विवरणी में शामिल करें ।

11. नक़दी ट्रांजेक्शन जैसे गिफ्ट्स , ख़रीद , बिक्री को भी आयकर विवरणी भरते वक्त consider करें ।

12. deemed इनकम जैसे , deemed dividend ,second house आदि को भी आयकर विवरणी भरते वक्त consider करें ।

13. धारा 56(2) के विभिन्न प्रावधानों ( deemed गिफ्ट्स ) का भी ध्यान रखा जावें ।

14. टी डी एस का claim करने से पहिले यह अवश्य check करें कि , जिस आय पर कटौती हुई है , उसे विवरणी में दिखा दिया गया है।

15. संशोधित विवरणी प्रस्तुत करते वक्त , समय सीमा का भी ध्यान रखा जावे।

16. Old regime vs New Regime का चयन तुलनात्मक विश्लेषण के बाद करें। कृपया ध्यान रखें कि वर्तमान में New Regime ही डिफॉल्ट सिस्टम है।

17. आयकर विवरणी को ई वेरीफाई दी गई समय सीमा में अवश्य करें।

18. व्यापार से आय की विवरणी भरते वक्त टर्नओवर को जी एस टी में घोषित टर्नओवर से मिलान करना भी आवश्यक है।

19. ब्याज की प्राप्ति को भी धारा 80 TTA / 80 TTB की छूट के बाद दिखाना आवश्यक है।

20. करदाता द्वारा अपने सभी बैंक खातों को रिटर्न में दिखाना आवश्यक है।

21. कुछ परिस्थिति में , आयकर क़ानून में , आयकर रिटर्न की फाइलिंग कंपलसरी की गई है , अतः करदाता को उन परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी आयकर विवरण अवश्य पेश करनी चाहिए।

22. करदाता को अपनी personal details एवं primary informations जैसे E Mail address , Mobile No , Address आदि सही सही भरना चाहिए।

23. मृत व्यक्ति की आयकर विवरणी , उनके क़ानूनी उत्तराधिकारी द्वारा भारी जानी चाहिए।

24. करदाता को 50 लाख रुपये से अधिक की आय पर अपनी assets and liabilities की details आवश्यक रूप से भरनी चाहिए।

25. करदाता को आयकर विवरणिका में अपनी विदेश में सम्पति एवं विदेश में आय की भी आवश्यक रूप से जानकारी प्रदान करनी चाहिए।

26. करदाता को अपनी कर मुक्त आय की जानकारी भी विवरणी / computation में देनी चाहिए।

27. करदाता को अपने को प्राप्त आयकर रिफ़ंड पर ब्याज को भी आयकर विवरणी में दर्शाना चाहिए।

28. Clubbing प्रोविजन का भी ITR भरवाते वक्त ध्यान रखा जाना चाहिए।

29. crypto करेंसी से संबंधित ट्रांजैक्शंस का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

30. इस बार ITR फ़ार्म्स में कुछ major बदलाव हैं । आयकर विवरणी भरते समय उन सभी बदलावों की तैयारी आवश्यक है । मैं उम्मीद करता हूँ कि आपको यह लेख अवश्य पसंद आया होगा। आपके सुझाओं का स्वागत रहेगा।



**एडवोकेट मुजाहिद अख़्तर**
**-टैक्स सलाहकार**
**-पूर्व कार्यकारिणी सदस्य कर सलाहकार संघ जयपुर, -जयपुर टैक्स बार एसोसिएशन**

# जयपुर में रोज़गार मेले का आयोजन

अंजुमन तालीमुल मुस्लेमिन मुस्लिम स्कूल परिसर में यूनाइटेड मुस्लिम ऐड द्वारा रोज़गार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 30 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस रोज़गार मेले में बेरोज़गार युवाओं एवम् युवतियों का प्लेसमेंट किया गया। जॉब फेयर डायरेक्टर मुहम्मद शहज़ाद ने बताया के इस मेले में 1500 के क़रीब बेरोज़गार युवाओं एवं युवतीयों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए। जिन्होंने अलग अलग कंपनियों में जॉब हेतु साक्षात्कार दिये। यूनाइटेड मुस्लिम ऐड के सेक्रेटरी एडवोकेट मुजाहिद अख़्तर ने बताया कि ये दूसरा मेगा जॉब फेयर यूनाइटेड मुस्लिम ऐड द्वारा लगाया गया है जिसका समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे रहा जिसमें लगभग 1500 ने साक्षात्कार दिये। इस मौके पर तक़रीबन 250 कैंडिडेट को जॉब का ऑफर लेटर प्राप्त हुआ। यूनाइटेड मुस्लिम ऐड के सदर मुफ़्ती ज़हीर अहमद क़ासमी ने बताया इस जॉब फेयर में कई नामी कंपनी के HR मौजूद रहे जिनमे मुख्यतया वोडाफ़ोन,रिलायंस जिओ, सीआइआई,पुखराज हेल्थ केयर,सी वाय फ्यूचर, प्लांट सोशल कंसलटेंट,यशश्वी ग्रुप, ब्रेन टेक एजुकेशन,करियर मार्ट, पी वी आर आइनॉक्स, होटल इंडस्ट्री और फ़ार्मा कंपनी रही। मेगा फेयर में भीषण गर्मी के देखते हुए आने वाले सभी युवाओं और उनके परिजन के लिए बैठने की एवं ठंडे पानी का




इंतज़ाम किया गया। इस मोके पर विधायक रफ़ीक़ ख़ान,यूनाइटेड मुस्लिम ऐड के फाउंडर नईम रब्बानी,अंजुमन तालीमुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असग़र अली एडवोकेट,सेक्रेटरी शब्बीर ख़ान,मुहम्मद नाज़िमुद्दीन,नईम कुरैशी, यूनाइटेड मुस्लिम ऐड के मेंबर्स सरवर आलम, फहद सर्वाना,सलमान रहमानी,नईम ख़ान,फैय्याज़ अहमद,महबूबुर्राह्मन इकरामुद्दीन,फैसल अल्वी,लाइक हसन,मुहम्मद इमरान,इरफ़ान ख़ान उपस्थित रहे।

# भारतीय डाक विभाग ने निकाली 35 हज़ार वैकेंसी

इंडिया पोस्ट जीडीएस भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी हो गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत 15 जुलाई से की जाएगी। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indiapostgdsonline.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं कक्षा पास।

दसवीं कक्षा में एक विषय मातृभाषा का जरूर होना चाहिए।

कंप्यूटर और साइकिल चलाने का नॉलेज।

आयु सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष तय की गई है।

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में सरकारी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

फीस : सामान्य ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 100 रुपए

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूडी : नि:शुल्क

सिलेक्शन प्रोसेस : मेरिट बेसिस, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट indiapostgdsonline.gov.in पर जाएं।

होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन के लिंक पर क्लिक करें।

जरूरी डिटेल्स दर्ज करके रजिस्ट्रेशन करें।

मांगे गए डाक्यूमेंट्स को अपलोड करें।

एप्लीकेशन फीस जमा करके फॉर्म सबमिट करें।

अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में ऑफिसर के पदों पर निकली भर्ती

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) में जूनियर मैनेजर के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार एचसीएल की ऑफिशियल वेबसाइट hindustancopper.com पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

आयु सीमा : अधिकतम 40 वर्ष।

एससी, एसटी को 5 साल और ओबीसी को 3 साल की छूट दी जाएगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा, 5 साल का अनुभव, बैचलर डिग्री, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

फीस : सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए

अन्य सभी कैटेगरी : नि:शुल्क

सैलरी : 30,000 - 120,000 रुपए प्रतिमाह।

सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट www.hindustancopper.com पर जाएं।

होम पेज पर सम्बंधित भर्ती लिंक को खोजें।

अपना रजिस्ट्रेशन करके जरूरी जानकारी दर्ज करें।

जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करके फॉर्म भरें।

एप्लीकेशन फॉर्म की एक हार्ड कॉपी निकाल कर रखें।

अंतिम तिथि 21 जुलाई 2024

## ऑयल इंडिया लिमिटेड में केमिस्ट के पदों पर निकली भर्ती

ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) में केमिस्ट के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट oil-india.com पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। यह भर्ती कॉन्ट्रैक्ट के बेसिस पर की जाएगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से केमिस्ट्री में न्यूनतम 02 (दो) वर्ष की मास्टर डिग्री। औद्योगिक/संस्थागत/अनुसंधान प्रयोगशाला में न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव।

आयु सीमा : न्यूनतम आयु : 24 वर्ष

अधिकतम आयु : 40 वर्ष

सैलरी : 70000 रुपए प्रतिमाह।

सिलेक्शन प्रोसेस : वॉक-इन इंटरव्यू के बेसिस पर।

इंटरव्यू का पता : ऑयल इंडिया लिमिटेड, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एनर्जी स्टडीज
5वीं मंजिल, एनआरएल सेंटर, 122ए क्रिश्चियन बस्ती
जी.एस. रोड, गुवाहाटी, असम, भारत, पिन-781005

अंतिम तिथि 11 जुलाई 2024

# SSC एमटीएस, हवलदार भर्ती 2024 के लिए आवेदन शुरू




स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (SSC) ने एमटीएस और हवलदार भर्ती 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। उम्मीदवार एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म में करेक्शन 16 और 17 अगस्त को किया जाएगा। वहीं सीबीटी एग्जाम अक्टूबर - नवंबर में होंगे।

एसएससी की ओर से इस भर्ती के जरिये हवलदार, चपरासी, दफ्तरी, जमादार, चौकीदार, सफाईवाला, माली आदि पदों पर भर्ती की जाएगी।

वैकेंसी डिटेल्स : एमटीएस : 4887 पद

हवलदार (CBIC,CBN ) : 3439 पद

कुल पदों की संख्या : 8326

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है।

आयु सीमा : न्यूनतम : 18 वर्ष

अधिकतम : 25/ 27 वर्ष

ऊपरी आयु सीमा में आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को छूट दी जाएगी।

सैलरी : 18 हजार से 22 हजार रुपए प्रतिमाह।

सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन टेस्ट फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट

फीस : एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, महिला : नि:शुल्क

अन्य : 100 रुपए

ऐसे करें आवेदन : एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं।

रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड के साथ लॉगिन करें।

यदि आप ने OTR रजिस्ट्रेशन नहीं किया है तो पहले रजिस्ट्रेशन करें।

लॉगिन करने के बाद अप्लाई ऑनलाइन बटन पर क्लिक करें।

अपना फोटोग्राफ और सिग्नेचर मांगे गए साइज और फॉर्मेट में अपलोड करें।

फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट कर दें।

अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024

- Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

- 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

- खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

- खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

- Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B.Tech (Civil Engineer)/ Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096.

- मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल: 9414288231/9772552446

मुस्लिम रिश्ते
रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -
मोबाइल: 9772552446, 9799559096

**" जोड़े आस्मां पर बनाए जाते है मिलन जमीं पर होता है। "**

Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/ Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile:9314720003/ 9772552446

- Beautiful Pathan girl 34/M.Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

- Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur.Mobile:9772552446/9799559096

- 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर-फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/ 9799559096

- Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

- आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/ नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की । संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर।ph.9772552446, 9799559096

- Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/ Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

- Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446 /9799559096

- Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile 9772552446, 9799559096

- Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile: 8107860666

- Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446, 9799559096

- जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/ बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

- चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल: 9772552446, 9799559096

- Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob.9772552446, 9799559096

- Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive, Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

- सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

- 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

- Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

- Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

- सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता । इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

# साहित्य-संस्कृति का संरक्षण जरूरी, साहित्यिक आंदोलन एक अभिनव पहल: सत्यानी

## -राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की ओर से साहित्य, संस्कृति एवं पत्राकारिता पर हुई परिचर्चा





चूरू (रॉयल पत्रिका)। (एम ए पठान) जिला मुख्यालय पर भारतीय साहित्य और पत्राकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करने और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए प्रदेश की प्रत्येक पंचायत स्तर तक चलाया जा रहा राजस्थान साहित्यिक आंदोलन एक अभिनव पहल है। वर्तमान आपाधापी के समय में साहित्य और संस्कृति का संरक्षण बेहद जरूरी है। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने प्रदेशभर में चल रहे राजस्थान साहित्यिक आंदोलन की श्रृंखला में रविवार को होटल शक्ति पैलेस में आयोजित साहित्यिक परिचर्चा में यह विचार व्यक्त किए। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के बैनर तले भारतीय साहित्य, संस्कृति और मीडिया विषय पर आयोजित परिचर्चा की मुख्य अतिथि कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि इस तरह की परिचर्चाएं होती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति की दृष्टि से चूरू की धरती बड़ी उर्वरा रही है और यहां की धरती से बड़े-बड़े लेखक-साहित्यकार निकले हैं, जिन्होंने हिंदी व राजस्थानी साहित्य को समृद्ध किया है। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के संस्थापक एवं राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक वरिष्ठ लेखक-पत्रकार अनिल सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज पत्राकारिता पर साहित्य का उतना प्रभाव नहीं माना जाता है जो शुरुआत में था लेकिन साहित्य और संस्कृति को परे रखकर पत्राकारिता की कल्पना ही बेमानी है। उन्होंने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की पैरवी करते हुए जोरदार तरीके से मांग रखने की जरूरत बताई। सक्सेना ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की बात करते हुए कहा कि हिंदी देश के सबसे अधिक राज्यों में बोले जाने वाली भाषा है। जिस तरह से दूसरे देशों की अपनी राष्ट्रभाषा है, उसी तरह हिंदी भी हमारी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार कुमार अजय ने चूरू की साहित्यिक परम्परा पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में हिंदी व राजस्थानी के क्षेत्र में बेहतर काम हो रहा है तथा नए रचनाकारों का उदय आश्वस्त करता है। उन्होंने पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, गीतकार भरत व्यास, मणि मधुकर, रावत सारस्वत और किशोर कल्पनाकांत जैसे लेखकों का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे पास एक गौरवशाली अतीत है और बेहतर भविष्य का उन्माद जगाने वाले सशक्त युवा हैं, इससे बेहतर और क्या हो सकता है। अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार बनवारी लाल खामोश ने कहा कि संस्कृति में भारत के त्यौहार, पहनावे, भाषाएं, धर्म, संगीत, नृत्य और कला शामिल हैं। भारतीय संस्कृति में आध्यामिकता के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी समाया हुआ है। प्रो. कमल कोठारी ने कहा कि साहित्य और पत्राकारिता एक-दूसरे के पूरक हैं और इनके उन्नयन के लिए सतत् प्रयास जरूरी हैं। वरिष्ठ साहित्यकार इदरीस राज खत्री ने कहा कि कलमकारों को ऐसी छवि बनानी चाहिए जिससे उनकी रचनाओं की चर्चा हर जगह हो। उर्दू अकादमी के पूर्व सदस्य असद अली असद ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों से हमें निराश नहीं होना चाहिए। लगातार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को प्रेरित करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार बनवारी लाल दीक्षित ने कहा कि आजादी से पहले और वर्तमान की पत्राकारिता में बहुत अंतर है। वरिष्ठ पत्रकार-लेखक आशीष गौतम ने कहा कि आजादी से पहले की पत्राकारिता उसी पृष्ठभूमि की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की जनता को राष्ट्र की भावना से जोड़ना और देश को आजाद कराना था। प्रमुख शायर अब्दुल मन्नान 'मजहर' ने कहा कि कलमकार को अपने कलम की कीमत समझनी चाहिए। सहायक जनसंपर्क अधिकारी मनीष कुमार, किशन उपाध्याय, राधेश्याम चोटिया, विजय चौहान, साहित्यकार राजेन्द्र शर्मा 'मुसाफिर, भगवती पारीक, राजेन्द्र सिंह शेखावत, शौकत अली खान, बुधमल सैनी, ओम डायनामाइट, गीता रावत, रचना कोठारी, सुशीला प्रजापत, ओमप्रकाश तंवर, शैलेन्द्र माथुर, मनोज शर्मा, कौशल शर्मा, जगदीश सोनी, महेंद्र सोनी, मनीष सैनी, शिवकुमार तिवारी, हरिसिंह, आर्यनद चौहान, नियाज मोहम्मद, देशदीपक किरोड़ीवाल, नवरत्न प्रजापत, जयप्रकाश स्वर्णकार, रामचंद्र गोयल, शिवकुमार तिवारी, जयप्रकाश बैंगानी, शिव भगवान सोनी, पवन माटोलिया, नरेश उपाध्याय तारानगर, मोहम्मद अली पठान, नरेंद्र दीक्षित, आदित्य शर्मा, पंकज शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किये। परिचर्चा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी, राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक अनिल सक्सेना और अन्य अतिथियों ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार इदरीश राज खत्री ने किया। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री ट्रस्ट के सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक वरिष्ठ पत्राकार साहित्यकार अनिल सक्सेना 'ललकार' के कहानी संग्रह 'आख्यायिका' का विमोचन जिला कलक्टर और अतिथियों ने किया। परिचर्चा में चूरू जिले के पत्रकार, साहित्यकार, कलाकार और प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे।

# सांचौर के चितलवाना में किसानों के घरों से जीरा चोरी

## -धरने पर बैठे ग्रामीण, एसडीएम हनुमानाराम को सौंपा ज्ञापन



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। जिले के चितलवाना थाना क्षेत्र में किसानों के घरों से जीरे की बोरियां चुराने की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। तीन किसानों के घरों से जीरे की चोरी की घटना हुई। इसके बाद किसानों ने चितलवाना पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है, लेकिन अभी तक पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया है। इससे आक्रोशित ग्रामीण चितलवाना पुलिस थाने के आगे धरने पर बैठ गए और लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि जगदीश बिश्नोई के नेतृत्व में चितलवाना एसडीएम हनुमानाराम को ज्ञापन देकर जल्द चोरी की घटना का खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की हैं। इस मौके पर आक्रोशित ग्रामीणों ने नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चितलवाना ग्राम पंचायत क्षेत्र के गांव में पिछले 1 माह से अज्ञात चोरों द्वारा लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। अज्ञात चोरों के विरुद्ध ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को रिपोर्ट देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसको लेकर के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा आए दिन लगातार रहवासी ढाणियों में रात को घुसकर चोरी की जा रही है। पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते चोरों के हौसले बुलंद है। इस अवसर पर उप सरपंच सांवलाराम चौधरी, भगाराम चौधरी, हुकम सिंह, उदाराम वार्ड पंच, शंकराराम चौधरी, तुलसाराम वार्ड पंच, गणपत माली, भारमल चौधरी, भगवानाराम खिलेरी, ओम प्रकाश बांगड़वा, भावाराम चौधरी और शोभाराम देवासी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का विरोध, युवाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सरकारी भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा के बाद अब विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। युवा वर्ग इस घोषणा का विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को युवाओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इसमें संशोधन की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के आरक्षण को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देना न्यायोचित नहीं है। क्योंकि वर्तमान समय में बालिकाएं हर भर्ती परीक्षा में 40 से 50 प्रतिशत सीटे अपनी प्रतिस्पर्दा से प्राप्त कर रही है। पिछले कोई भी भर्ती परीक्षा में महिलाओं का प्रतिशत उठाकर देख लीजिए, जब महिलाएं 50 फीसदी सीट प्राप्त कर रही है तो फिर उन्हें 50 प्रतिशत सीट आरक्षित कर 80 प्रतिशत पर पहुंचा रहे हो। 50 प्रतिशत महिला सशक्तिकरण आरक्षण, 12.5 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिक, 4 प्रतिशत विकलांग, 2 प्रतिशत खेल, 15 से 20 प्रतिशत लड़कों की कटऑफ फाइट कर लड़की ले जाएगी शेष बचा 12 से 13 प्रतिशत पुरूष वर्ग के लिए रहेगा। यह निर्णय पुरुष वर्ग के लिए किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। आज इस कानून का पुरुष वर्ग के साथ साथ महिलाएं भी विरोध कर रही है। 50 प्रतिशत महिला के लिए सीट रिजर्व कर देने के बाद एक्स सर्विसमेन, विधवा, विकलांग का भी कोटा निश्चित है तो फिर लडको के लिए बचा क्या, अन्याय हो गया है। लडको के लिए सब कुछ कोटे को काटकर 15 से 20 फीसदी सीट बचेगी जिस पर एससी एसटी, ओबीसी, जनरल, ओर ईडब्ल्यूएस के साथ साथ महिलाएं भी इनमें से सीटे फाइट करेगी। लडको की संख्या लड़कियों की अपेक्षा कई गुना अधिक है। लड़कों का हिस्सा छीन कर महिला सशक्तिकरण हो सकेगा यह महिला सशक्तिकरण का कोनसा रास्ता है। यदि महिला सशक्तिकरण करना है तो कैबिनेट में विधानसभा, संसद में 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करो। लड़को के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि यदि यह निर्णय वापस नही लिया तो राजस्थान के पुरुष वर्ग धरातल पर उतरकर सडक जाम, विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वचनाराम देवासी, गोरधनराम मेघवाल, पुराराम पालड़ी, तगाराम देवासी, मेवाराम देवासी, मांगीलाल कारोला, भरत कुमार, विक्रम कुमार, कृष्ण कुमार, गोकुलराम, झालाराम देवासी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



सांचौर(रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरलीं के निदेर्शानुसार सांचौर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल एवम विधानसभा के संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बन्नेसिंह गोहिल के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया।पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा पूरे भारत में एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रारंभ किया गया है जिसके तहत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर 370 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। पेड़ ही हमारे जीवन का आधार है हमे अपने आस पास उचित स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि आने वाले समय में ये पेड़ धरती पर बढ़ रही गर्मी को शांत कर पाएंगे, हमे जगह जगह पर छाया दार पेड़ लगाने चाहिए ताकि वातावरण ठंडा एवम मनमोहक बना रहे। सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर वृक्षारोपण करावे विधानसभा संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला प्रमुख बन्नेसिंह गोहिल ने कहा की पूरे भारत में इस अभियान के तहत लाखो की संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा। हमे भी हमारे द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके उसको प्रतिदिन जल पिला कर बड़े होने तक रखवाली करनी है। इस अभियान के तहत हम सांचौर विधानसभा के प्रत्येक बूथ तक इस पुनीत अभियान को ले जायेंगे वृक्षारोपण करवाएंगे। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार आम जनता के सुनहरे भविष्य के लिए तत्पर है। जिला मिडिया संयोजक पेड़ मां के नाम अभियान जिला सहसंयोजक ने कहा की इस अभियान के तहत पूरे जिले में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित जा रहे है। बारिश को देखते हुए जगह वृक्षारोपण अभियान शुरू गया है। इस अभियान के तहत सांचौर नगर के अध्यक्ष शंभूसिंह राव ने शक्तिकेंद्र एस 160 पर शक्ति केंद्र संयोजक राजेश सेन की उपस्थित में तख्तसिंह जमनाराम गहलोत राजकीय माध्यमिक विद्यालय सांचौर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल, विधानसभा संयोजक बन्नेसिंह गोहिल, जिला उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह झाब, जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़ सिंह राव बोरली सांचौर नगर महामंत्री मांगीलाल दर्जी, , एक किए मौसम जगह किया मंडल नेतृत्व विक्रम ग्वारिया गंगदाराम चौधरी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खा देवराज चौधरी शक्ति केंद्र संयोजक राजेश सेन, पार्षद मोडाराम बुनकर, पवन जीनगर, लक्ष्मीचंद जीनगर पूराराम चौधरी भाजयुमो नगर अध्यक्ष भरत जीनगर डूंगरसिंह कारोला बंशीदास वैष्णव, रविंद्र दहिया, धीराराम चौधरी, नरेश पुरोहित, श्रवण सोलंकी, रणछोड़राम, गंगाराम प्रजापत सोनाराम, मंजीराम, दुधमल, सोनाराम देवासी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# ओलाई ग्रुप के शोरुम ओलाई फैशन फॉरवर्ड का उद्घाटन

## -बेहतर गुणवत्ता और उत्कृष्ट सेवाओं से बनाएं पहचान : कुमार अजय





चूरू (रायल पात्रका)। जिला मुख्यालय पर शास्त्री मार्केट में नवस्थापित ओलाई ग्रुप के शोरूम 'ओलाई फैशन फॉरवर्ड' का उद्धघाटन रविवार को सूचना व जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय, पूर्व सूबेदार अलाउद्दीन खान, डॉ जावेद खान, एन आर आई याक़ूब खान लाडनूं, फारूक खान, सुजानगढ़ नगर परिषद के पूर्व उप सभापति मुराद खान, नजीर खान मोयल ने किया। इस अवसर पर एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि आज व्यापार जगत में बहुत बड़ा बदलाव आ गया है और लोगों की पहुंच का दायरा बढ़ गया है। ऐसे में उसके पास किसी भी चीज की खरीद के लिए अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के साथ उत्कृष्ट व्यवहार से लोगों के मन में जगह बनाई जा सकती है। कोशिश यह रहनी चाहिए कि व्यापार दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ हो ताकि लोगों का विश्वास जमा रहे और वे लंबे समय तक हमारे साथ जुड़े रहें। जब हम लोगों को बेहतर सेवाएं देंगे तो निश्चय ही हमारे व्यापार में इजाफा होगा। व्यापार बढ़ेगा तो हम उपभोक्ताओं के लिए अधिक बेहतर काम कर पाएंगे। इस प्रकार यह एक चैन चलती है जो एक दूसरे को मजबूत करती है। उन्होंने प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चूरू शहर में यह प्रतिष्ठान बेहतर प्रतिष्ठा अर्जित करेगा और यहां की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। इसअवसर पर पार्षद यूसुफ खान मोयल, हाकम अली खान एडवोकेट, डॉ एफ एच गौरी, डॉ अख़्तर खान, रियाजत खान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, शरीफ़ खान, सलीम खान, आवेश खान, शोएब खान, डॉ पुष्पा फिजियोथेरेपिस्ट, जितेन्द्र शर्मा एडवोकेट, श्रवण कुमार स्टाइलो, अभय नेहरा सहित बड़ी सख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। ओलाई ग्रुप के शरीफ खान ओलाई ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि शोरूम लोगों के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेगा।

# जनप्रतिनिधियों ने नौनिहालों को अपने हाथों से दो बूंद जिंदगी की पिलाकर किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आगाज



पाली । जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार 30 जून से शुरू जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से समारोहपूर्वक शुरू हुआ। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर शुभारंभ समारोह में भाग लेकर पांच साल तक के बच्चों को अपने हाथों से दो बूंद जिंदगी की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया गया। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि पाली जिले में भी इस कार्यक्रम का आगाज राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर में किया। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सुमेरपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनाए गए पोलियो बूथ पर जाकर अपने हाथों से नोनिहालो को पोलियो की खुराक पिलाकर इस अभियान का आगाज किया। वहीं खारची में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम ने छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में अपनी भागीदारी निभाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा अभिभावकों से अपने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 1149 बूथों पर पोलियोरोधी की खुराक पिलाई जा रही हैं। अभियान के पहले दिन हजारों बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पोलियो बूथो पर पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। डॉ. मारवाल ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 2 लाख से अधिक बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 30 जून को पोलियो दिवस पर 1149 बूथों पर 2 लाख 85 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। आरसीएचओ डॉ. राम यादव ने बताया कि इस अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वंचित नौनिहालों को पोलियोरोधी खुराक पिलाएगी। इस अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए क्षेत्र मे 76 ट्रांजिट टीमें और 147 मोबाईल टीमें कार्य कर रही है।

# रहमत फाउंडेशन की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित तेलियान बाड़ी के मैरिज हॉल में एक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया फाउंडेशन के ट्रस्टी ईस्माइल चौहान ने बताया कि यह ट्रस्ट उनकी मां के नाम से चलता है । यह ट्रस्ट गरीब और बेसहारों की मदद भी करता है और समाज में पढ़ने वाले बच्चे जो अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। उनकी हौसला अफजाई के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया है।जो बच्चे स्कूल में 75% से अधिक अंक प्राप्त करते हैं उन्हें एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है कक्षा 8 कक्षा 10 कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं को 25 जनो को सम्मानित किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ एफ एच गोरी एवं डॉ साजिद चौहान और वशिष्ठ अतिथि मो. सलीम टी आर ए, मुस्ताक चौहान, हारून गोरी, अध्यक्षता इमामुद्दीन मलणस ने कि सभी वक्ताओं ने बच्चों को मुबारकबाद दी और मोटिवेशन किया। प्रोग्राम में अनीष अहमद, सोहेल अहमद ,अब्दुल रहमान गोरी ,असलम चौहान ,जावेद बाबू, इमरान चौहान, एजाज रफीक राजगढ़िया, आदि ने सहयोग किया। इस्माइल चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया। समारोह का संचालन मोहम्मद रफीक चोहान ने किया।

# पाली श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज विकास समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



पाली(रॉयल पत्रिका)। पाली में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज विकास समिति (पंजी.) के नव निर्वाचित अध्यक्ष देवीलाल अडाणिया और उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह नाइयों की ढाल स्थित समाज भवन में आयोजित किया गया। सभा की अध्यक्षता ओमप्रकाश खजवानिया ने की। समारोह की शुरुआत समाज के गणमान्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में अध्यक्ष देवीलाल अडाणिया ने अपनी 35 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास रोड़ा, उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र खजवानिया, गणपतलाल अग्रोया, महामंत्री महेश भामा, कोषाध्यक्ष जगदीश खजवानिया, संयुक्त मंत्री गुणप्रकाश कड़ेल, सहमंत्री भावेश अडाणिया, सहकोषाध्यक्ष पवन अग्रोया, प्रवक्ता अशोक अग्रोया, भवन निर्माण प्रकोष्ठ प्रभारी बाबूलाल अडाणिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एस.एन. स्वर्णकार, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी जबरचंद रोड़ा, वरिष्ठ विधि मंत्री कन्हैयालाल अडाणिया, विधि मंत्री मगराज सहदेव, संगठन मंत्री सुकनराज अडाणिया, परमेश्वर जवड़ा, गिरीश कड़ेल, ओमप्रकाश अग्रोया, प्रचार मंत्री ओमप्रकाश धूपड़, लादूराम अडाणिया, सांस्कृतिक मंत्री यशवंत सहदेव, नीरज सहदेव, कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल धूपड़, विजेंद्र सारडीवाल, राजेंद्र अडाणिया, सुरेश सारडीवाल, राकेश लावट, अशोक बबेरवाल, भेरूलाल अडाणिया, राजेंद्र जांगलवा, सुरेश सुरंडिया, ललित कड़ेल, ललित अडाणिया और कैलाश खजवानिया को मनोनीत किया गया। समारोह के दौरान अध्यक्ष देवीलाल अडाणिया ने समाज के विकास और निर्माणाधीन समाज भवन की कार्ययोजना और प्रगति पर प्रकाश डाला। सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश खजवानिया ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की आवश्यकता पर बल दिया और समाज के सदस्यों को योगदान हेतु प्रेरित किया। चुनाव समिति और वरिष्ठ सलाहकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक बाबूलाल मौसूण, प्रदेश परिवार समन्वय प्रकोष्ठ संभाग प्रभारी गणपतलाल अडाणिया, संभाग प्रभारी मोतीलाल अडाणिया, जिला प्रभारी रामकिशोर रोड़ा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रोड़ा मय कार्यकारिणी, महिला मंडल अध्यक्ष सोना अडाणिया मय कार्यकारिणी, वरिष्ठजन एवं सभी गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# स्कूल की दीवार गिरने से स्कूल इमारत को हुआ बड़ा नुकसान



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित मदरसा इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल बादशाह कालोनी में बारिश में स्कूल कि दिवार धराशाही हो गई। मदरसा स्कूल संचालक अख्तर खान रूकनखानी ने बताया कि बुधवार को बारिश कि वजह से कमरों में दरार आ गई और चोदहा फुट कि दिवार मलबे में तब्दील हो गई और स्कूल के बरामदों के फर्श टूट गए लगभग लाखो रुपए का नुक़सान हो गया। यह तो स्कूल वक्त में नहीं गिरी नहीं तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। स्कूल संचालक ने प्रशासन से मदद की गुहार की है।

# 11 बार सेवा विस्तार पाने वाले IAS अफसर केके हुए रिटायर

## -पीएम मोदी के अलावा तीन मुख्यमंत्रियों के साथ किया काम

अहमदाबाद। गुजरात प्रशासनिक अमले के आईएएस अफसर के. कैलाशनाथन करीब साढ़े चार दशक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 2009 में मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के पद पर नियुक्त हुए कैलाशनाथन को 2013 में सेवानिवृत्त होने के बाद 11 बार सेवा विस्तार मिला।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी के. कैलाशनाथन सत्ता के गलियारे में केके के नाम से चर्चित आईएएस हैं। वर्ष 1979 बैच के अधिकारी हैं। 2009 से लगातार वह गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात रहे। इस कार्यकाल में वह हमेशा राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के मजबूत स्तंभ बनकर खड़े रहे।

केके के पास हर संकट का हल होता था

प्राकृतिक आपदा हो या राजनीतिक संकट केके के पास हर संकट का हल होता था। पीएम मोदी के अलावा कैलाशनाथन ने तीन अन्य मुख्यमंत्री आनंदी बेन पटेल, विजय रुपाणी तथा भूपेंद्र पटेल के साथ काम किया। लगातार 11 सेवा विस्तार के बाद 29 जून को उनके अंतिम कार्यदिवस पर विदाई दी गई।

विदाई समारोह में कुछ ही अधिकारी शामिल हुए खबर है कि उनके विदाई समारोह में कुछ ही अधिकारी शामिल हुए। एक भी मंत्री वहां मौजूद नहीं रहा। सत्ता के गलियारों में चर्चा यह भी है कि गुजरात भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद सीआर पाटिल के दिल्ली में कैबिनेट मंत्री का पद संभालते ही कैलाशनाथन की उलटी गिनती शुरू हो गई थी।

## हृदयविदारक हादसे में जान गवाने वाले मृतक जहांगीर के परिवार को आखिरकार मिला न्याय

झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन, नगरपरिषद एवं बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं के चलते कल बारिश के बाद करंट लगने से झुंझुनू के युवक जहांगीर की अकाल मृत्यु होने के बाद लगातार प्रशासन पर दबाब बनाकर मृतक के परिजनों को न्याय दिलवाया गया। राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार, सर्वसमाज के गणमान्य जनों एवं झुंझुनू के समाजसेवियों ने मिलकर मृतक के परिवार को न्याय दिलवाने के लिए 6 घंटे तक प्रशासन के साथ वार्ता की। अंतत: राज्य सरकार द्वारा मृतक के परिवार को 10 लाख रूपये की सहायता राशि दी गई एवं परिवार के एक सदस्य को संविदाकर्मी के रूप में नौकरी दी जाएगी। इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने मृतक के परिवार को 1 लाख रूपये की राशि निजी कोष से देने की घोषणा की साथ ही आगे भी हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेतागण, जिला प्रशासन व बिजली विभाग के अधिकारीगण, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी जी, भाजपा नेता विशम्भर पूनियां जी, झुंझुनू पीएमओ एवं सीएचएमओ सहित शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। एम डी चोपदार ने सर्व समाज का व झुंझुनू के समस्त समाजसेवियों का न्याय की इस लड़ाई में साथ देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# फैसल खान को लगातार तीन सफ़लताऐं

## -NIACL में Administrative Officer के पद को Join करेंगे

कोटा (रॉयल पत्रिका)। कोटा निवासी फैसल खान ने JECRC कॉलेज,जयपुर से Computer Science में B. Tech करने के उपरांत अपने घर पर ही 2 वर्ष तक स्वअध्याय करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और 25 वर्ष की अल्प आयु में ही इस वर्ष SBI और PNB में चयनित होने के साथ ही भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के उपक्रम NIACL में Administrative Officer(IT Specialist) के पद पर चयनित कामयाबी की एक नई मिसाल पेश की है। फैसल खान अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा हाजी याकूब अली खान साहब और अपने वालिद कृषि विभाग में कार्यरत इनायत अली खान को देते है साथ ही अपनी दादी,वालिदा,अपने चाचा-चाची और बड़े भाई आवेज़ खान द्वारा दी गई प्रेरणा को भी इस कामयाबी के पीछे बड़ी वजह मानता है। फैसल खान ने इन तीन सफलताओं में से भारत सरकार के NIACL में Administrative Officer के पद को Join करने लिए चुना है।



# हैदराबाद में सामूहिक कुर्बानी फ्रॉड सामने आया

हैदराबाद (रॉयल पत्रिका)। हैदराबाद के गरीब मुसलमानों को ईदुलअदहा पर कुर्बानी के लिए बकरे या अन्य जानवर खरीदने में सक्षम नहीं है, से बड़े जानवर (भैस या पाडा) की कुर्बानी में हिस्सा लेने के लिए पैसा लिया गया, के साथ फ्रॉड हो गया। यह कुर्बानी फ्रॉड खिदमत फाउंडेशन की ओर से हैदराबाद के गरीब मुसलमानों के साथ किया गया।



ईदुल अदहा से पहले खिदमत फाउंडेशन के सदस्यों ने सोशल मीडिया पर बड़े जानवर की सामूहिक कुर्बानी में भाग लेने के लिए विज्ञापन दिया और एक हिस्सा लेने के लिए 2700 रूपये एमाउंट तय किया और कुर्बानी के दिन कुर्बानी का गोस्त देने का वायदा किया।

ईद के बाद जब लोगों ने खिदमत फाउंडेशन के सदस्यों से सम्पर्क किया तो उनके फोन बंद आये। सामूहिक कुर्बानी में भाग लेने वाले जब बताये स्थान पर गोशत लेने पहुंचे तो वहां खिदमत फाउंडेशन एन जीओं के सदस्य गायब मिले। जब लोगों में चर्चा ज्यादा होने लगी तो पुलिस में खिदमत फाउंडेशन की शिकायत की गई।

सामने आया कि सामूहिक कुर्बानी के नाम पर 500 लोगों के साथ फ्रॉड हुआ। जानकारी में आया कि खिदमत फाउंडेशन के सदस्य करीब 13.5 लोख की राशि लेकर रफू चक्कर हो गए।

पुलिस सामूहिक कुर्बानी फ्रॉड करने वालों की तलाश कर रही है।

# गांरटी अवधि में सड़क खराब होने पर ठेकेदार से तत्काल ठीक करवाएं सड़क एवं अन्य निर्माण - दीया कुमारी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लाईबलिटी पीरियड में यदि निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता सम्बंधित शिकायत मिलती है तो सम्बंधित ठेकेदार से उसको तत्काल ठीक करवाया जाए। उन्होंनें कहा कि कई बार ऐसी शिकायते मिलती है कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे,स्टेट हाईवे,एमडीआर,ग्रामीण सड़कों, अन्य सड़कों सहित विभिन्न निर्माणाधीन पूलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर एनएचएआई के अधिकारियो के साथ समन्वय कर उनके समाधान के निर्देश दिए।



बरसात के मौसम में अलर्ट रहने के निर्देश-उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। यदि कहीं जलभराव एवं सड़क कटने की शिकायत मिलती है या स्थानीय अधिकारियों को ऐसा अंदेशा है तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे फील्ड के अधिकारियों के माध्यम से अपने क्षेत्रों कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं को सहित अन्य घोषणाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी सहित विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।
























मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com